

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 207

ग्वालियर, गुरुवार, 16 सितंबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## खास खबर

### मुख्यमंत्री के उड़न खटोले में बैठे जोबट के ग्रामीण



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज चौहान की पहल पर अलीराजपुर के आदिवासी भाइयों ने आज हेलीकॉप्टर में रणबयढ़ा से सेजावाडा तक की यात्रा की। दरियाव सिंह, मंगल सिंह, रिच्छु सिंह बघेल और जोध सिंह ने हवाई यात्रा का लुफ्त उठाया। जनजाति वर्ग के इन सभी भाइयों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को धन्यवाद दिया और कहा- आज हमारा सपना पूरा हुआ है।

### योगी के मुरीद हुए आस्ट्रेलिया सरकार में मंत्री जेसन वुड, साथ काम करने को उत्सुक

**लखनऊ (ए)।** उत्तरप्रदेश में मुख्यमंत्री योगी के कोविड मैनेजमेंट के देश ही नहीं विदेश में भी मुरीद हैं। इसी कड़ी में ऑस्ट्रेलियाई सांसद क्रेग कैली के बाद आस्ट्रेलिया सरकार में मंत्री जेसन वुड ने कोरोना नियंत्रण के लिए सीएम योगी के तारीफों के पुल बांधे हैं। जेसन वुड ने ना सिर्फ योगी की तारीफ की, बल्कि वे योगी के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। जेसन वुड ट्वीट कर लिखा कि 'हम उत्तरप्रदेश के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं।संस्कृति और विकास के संवर्धन के लिए हम लोग उत्तर प्रदेश सरकार के साथ काम करने वाले है। कोविड 19 प्रबंधन के लिए योगी के यूपी मॉडल से प्रेरित होकर उन्होंने आगे लिखा कि 'सीएम योगी को धन्यवाद।यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मुझे अपना संदेश दिया। इस कठिन समय में उत्तर प्रदेश सरकार के कोविड नियंत्रण प्रयासों की तो सभी लोग सराहना करें।' गौरतलब है कि 24 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश में कोरोना की जड़ से खत्म करने के लिए ट्रिपल 'टी' यानी ट्रैक, टेस्ट एंड ट्रीट फॉर्मूला दिया था। जिससे यूपी में कोरोना पर विजय पाना संभव हुई है।

### देश में कोरोना के मामलों में गिरावट, केरल में कोरोना का पीक खत्म हो गया

**नई दिल्ली (ए)।** बीते कुछ दिनों से देश में कोरोना के मामलों में गिरावट नजर आ रही है,इसकी वजह है कि केरल से कोरोना का पीक निकाल चुका है। हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार केरल में कोरोना का पीक खत्म हो गया है। इसकारण बीते चार दिनों से देश में कोरोना केसों की संख्या 30 हजार से नीचे दर्ज की जा रही है। कोरोना के पीक में जहां केरल में रोजाना 25 से 30 हजार नए केस मिलते थे, वहीं आज इसकी संख्या आधी कम रह गई है। मंगलवार को केरल में कोरोना के 15876 नए केस दर्ज किए गए। बीते दो-तीन महीने में कोरोना के फैले डेटा को देखने से पता चलता है कि केरल में कोरोना का पीक खत्म हो गया है और अगले दो सप्ताह के भीतर केसों की संख्या में बड़ी गिरावट नजर आने लगेगी। उत्तर-पूर्व के राज्यों की तरह केरल में अक्टूबर की शुरुआत तक कोविड-19 के मामलों में गिरावट शुरू हो जानी चाहिए। केरल में पहले सीरो सर्वेक्षण ने सुझाव दिया था कि अधिकांश आबादी अतिसंवेदनशील थी मगर लेटेस्ट सीरो सर्वेक्षण से पता चलता है कि 46 प्रतिशत में टीके या संक्रमण के कारण एंटीबॉडी मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि राज्य द्वारा किए गए नियंत्रण उपाय केवल वायरस के प्रसार को धीमा करते हैं।

### 6 साल की बच्ची से रेप मामले में आरोपी को होगा एनकाउंटर

**हैदराबाद (ए)।** तेलंगाना के हैदराबाद में हाल ही में 6 साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या कर दी गई। वहीं सिटी पुलिस ने बच्ची के साथ कथित तौर पर बलात्कार और हत्या करने वाले पल्लकोंडा राजू (30) की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की है। हैदराबाद के पुलिस आयुक्त अंजनी कुमार ने फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सूचना या सुराग देने वाले को 10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की। पुलिस ने कहा कि गंभीर प्रयासों के बावजूद आरोपी अभी भी फरार है। वहीं तेलंगाना के मंत्री ने कहा कि हैदराबाद में 6 साल की बच्ची के साथ बलात्कार और उसकी हत्या के आरोपी व्यक्ति का एनकाउंटर किया जाएगा। श्रम मंत्री मल्ला रेड्डी की टिप्पणी राज्य कांग्रेस प्रमुख रेवंत रेड्डी द्वारा इसी तरह की मांग के एक दिन बाद आई है। मल्ला रेड्डी ने कहा कि हम निश्चित रूप से उसे गिरफ्तार कर ढेर कर देने वाले है। उन्होंने कहा कि वह निश्चित रूप से परिवार के सदस्यों से मिलकर उन्हें मुआवजा देने वाले है। बता दें कि हैदराबाद में 9 सितंबर को एक 6 साल की मासूम बच्ची के साथ बलात्कार करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई। मासूम बच्ची का शव एक बंद घर में से बरामद किया गया था।

## डेंगू के बारे में सतर्कता और सक्रियता रखें: कोरोना के दोनों टीके लगवाएँ

# मैं परिवार के सदस्य के रूप में अपील करने आया हूँ: मुख्यमंत्री श्री चौहान

### डेंगू से जंग-जनता के संग5 अभियान में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किया दवाई का छिड़काव, बाँटे पर्चे और लगाए पोस्टर



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मैं मुख्यमंत्री के रूप में नहीं आपके परिवार के सदस्य के रूप में यह आत्मीय अपील करने आया हूँ कि डेंगू के बारे में सतर्कता रखें, बचाव के उपाय अपनाते रहे। कोरोना का शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन करवाएँ। कोरोना की सावधानियों को अपनाना जारी रखें। राज्य सरकार और उसकी एजेंसियाँ निरंतर सक्रिय हैं। हमने प्रदेश में जैसे कोरोना का नियंत्रण किया है वैसे ही जनता के सहयोग से हम डेंगू को भी हराएँगे। डेंगू हारेगा मध्यप्रदेश जीतेगा।

**जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी:** मुख्यमंत्री श्री चौहान भोपाल के नेहरू नगर से राज्यव्यापी डेंगू महा-अभियान का शुभारंभ कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ÷डेंगू से जंग-जनता के संग÷ का अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। हम सभी जगह डेंगू नियंत्रित करने में सफल होंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पलकमति परिसर पहुँचकर डेंगू जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने परिसर में डेंगू नियंत्रण के लिए दवाई का स्प्रे किया, फागिंग मशीन भी उनके द्वारा चलाई गई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने परिसर में मौजूद लोगों को डेंगू बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। इस आशय के पेम्फलेट वितरित किए तथा परिसर में पोस्टर भी लगाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नेहरू नगर चौराहे के फाउंटेन पोन्ड में डेंगू पैदा करने वाले एडीज मच्छर के लार्वा को नष्ट करने वाली गम्बूसिया मछलियाँ डाली। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता सहित जन-प्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

**हम तीसरी लहर को रोकने में सफल होंगे:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अभी हम यह कहने की स्थिति में हैं कि प्रदेश में कोरोना नियंत्रण में है। आज पूरे प्रदेश में केवल 8 पॉजीटिव केस आए हैं। ईश्वर की कृपा और प्रदेशवासियों के सहयोग से हम तीसरी लहर को रोकने में सफल होंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशवासियों से अपील की कि गणेशोत्सव तथा अन्य सामाजिक, धार्मिक कार्यक्रमों में मास्क लगाने तथा कोरोना वायरस की अन्य सावधानियों का पालन करना जारी रखें।

**हाथ जोड़कर प्रार्थना है कि वैक्सीन की दोनों डोज लगवाएँ:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना का टीका लगवाना आवश्यक है। यह जिंदगी का डोज है। भोपाल में दूसरा डोज केवल 40त्न लोगों को लगा है। अभी भी 60त्न लोग बाकी हैं। पहला डोज भी 94त्न लोगों को लोगों लग चुका है, अभी 6त्न लोग पहले डोज से वंचित हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 18 वर्ष आयु से ऊपर के सभी लोगों से करबद्ध प्रार्थना की कि वे प्राथमिकता के आधार पर वैक्सीनेशन करवाए।

**डेंगू नियंत्रण के लिए नगर निगम तथा शासकीय एजेंसियाँ सक्रिय:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में डेंगू का प्रकोप बढ़ा है। डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से सतर्कता और सजग रहकर बचा जा सकता है। डेंगू, मच्छर से होता है। मच्छर का लार्वा ऐसी जगहों पर पनपता है जहाँ पानी भरा हो।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को लगाई फटकार



**नई दिल्ली (ए)।** देश भर के ट्रिब्यूनलों में रिक्तियों को भरने पर विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को फिर से फटकार लगाई है। इस बार सुप्रीम कोर्ट ने सर्च-कम-सेलेक्शन कमेटी द्वारा अनुशंसित व्यक्तियों (सिफारिश की गई लिस्ट) के बजाय ट्रिब्यूनल में वेटलिस्ट से लोगों को नियुक्त करने को लेकर सरकार की खिंचाई की है। सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार को न्यायाधिकरणों में दो सप्ताह के भीतर नियुक्तियां करने को कहा है, साथ ही अनुशंसित सूची में शामिल व्यक्तियों को शामिल न कर पाने पर कारण देने को क?हा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब कमेटी ने चिन्हित लोगों की लिस्ट तैयार कर सिफारिश कर दी थी, तो फिर वेट लिस्ट में शामिल लोगों को ट्रिब्यूनल में क्यों नियुक्त किया गया। कोर्ट ने कहा कि ऐसा लगता है कि मन मुताबिक लोगों की नियुक्ति की गई है। मुख्य न्यायाधीश एन वी रमना और न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने देश भर में ट्रिब्यूनल में रिक्त पदों को लेकर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि स्थिति दयनीय है और वादियों को अधर में नहीं छोड़ा जा सकता। हालांकि, अटॉर्नी जनरल के के वेणुगोपाल ने पीठ को आश्वासन दिया कि केंद्र दो सप्ताह में ट्रिब्यूनल में चयन समिति द्वारा अनुशंसित व्यक्तियों की सूची से नियुक्तियां करेगा। बता दें कि विभिन्न प्रमुख न्यायाधिकरणों और अपीलीय न्यायाधिकरणों में लगभग 250 पद खाली पड़े हैं। शीर्ष अदालत न्यायाधिकरणों में रिक्तियों संबंधी याचिकाओं और अर्ध न्यायिक निकायों को नियंत्रित करने वाले नए कानून संबंधी मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। पिछली सुनवाई में भी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिब्यूनल में रिक्तियों को लेकर सरकार को फटकार लगाई थी।

## हे शिवराज कब तक कटती रहेगी शराबी पतियों के हाथों बहन की नाक....

**अवधेश पुरोहित**

**भोपाल। (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री में चाहे शिवराज की सरकार हो कमलनाथ की दोनों ही सरकारों में शराब से सरकारी खजाना भरने को लेकर जिस तरह की नीतियां चल रही है उसी का परिणाम है कि आज प्रदेश के कई घरों में जिन महिलाओं को शिवराज सिंह चौहान अपनी बहनें मानने का ढिंढोरा पीटते हैं उन बहनों और उनके परिजनों को गृह कलह से जूझना पड़ रहा है इसका जीता जागता उदाहरण हाल ही में राजधानी की खजूरी सड़क थाने के अंतर्गत आने वाले इलाके में घटी घटना की वजह से शराबी पति ने अपनी पत्नी की नाक काट दी, हालांकि आज भले ही सरकार से बेदखल होकर कमलनाथ और उनके कांग्रेसी मंत्री इस सरकार को शराब जैसे मुद्दे ही नहीं बल्कि अन्य मुद्दो को लेकर घेरने में लगे हुए हैं लेकिन वह यह भूल जाते हैं कि जब उनकी 15 महीने की सरकार इस प्रदेश में थी तो उस समय प्रदेश के शराब कारोबारियों के दबाव में शराब को घर पहुंच सेवा बनाने की इस तरह की नीतियां बनती थीं कि जिसमें इंदौर में महिलाओं के लिये बीयर बार 24 घंटे खोलने की योजना बनाई गई थी। हालांकि यह सभी जानते हैं कि शराब और परविहन से सरकारी खजाने को बहुत आय होती है और इन्हीं दोनों विभागों से आय बढ़ाने के लिए हर सरकार प्रयत्नशील रहती है लेकिन ऐसा नहीं है कि कांग्रेस की तरह शिवराज सरकार में भी शराब को बढ़ावा देकर शराब की लत लगाने की नीति शिवराज सरकार में जमकर चलर ही है, यही वजह है कि सरकारी शराब की दुकानों पर महंगी बिकने वाली शराब के चक्कर में लोग अब नकली और जहरीली नकली ब्रांड की शराब पीने के आदि होते जा रहे हैं, जिसकी वजह से इस प्रदेश में आबकारी मंत्री जगदीश देवड़ा के जिला सहित रतलाम, उज्जैन और मुरैना में जहरीली शराब पीने से लोगों की मृत्यु होने की घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं इसे सौभाग्य ही कहें या आबकारी विभाग और पुलिस की असफलता जिसके चलते प्रदेश के आबकारी मंत्री जगदीश देवड़ा के मंदसौर जिले के दो महारथी जिन्हें नकली ब्रांडेड शराब बनाने की महारथ हासिल है वह भी इसी मंदसौर जिले के निकले जिनकी कारगुजारी की बदौलत अकेले इंदौर में 102 करोड़ रुपये की नकली ब्रांडेड शराब बिकती है, यह सब खेल शिवराज सरकार की खजाना भरने की नीतियों और अपनी बहनों के पतियों को शराब की लत लगाने की कोशिशों के चलते धड़ल्ले से चल रही है आबकारी विभा का यह आलम है कि जिस विभाग के मंत्री कानूनी प्रक्रिया में अनभिज्ञता हासिल किये हुये हों और वह आबकारी विभाग के ढर्रे को सुधारने में उनकी रुचि स्थानान्तरण के मामले में मुख्यमंत्री के पास विभाग से प्रस्ताव भेजने की बजाय सिफारशी पत्र भेजकर आबकारी कारोबारियों के दबाव में उनके चहेते अधिकारियों के स्थानान्तरण कराने में रुचि रखते हों, आबकारी मंत्री की कानूनी प्रक्रिया में अनभिज्ञता का ही परिणाम है कि उनके ही आबकारी आयुक्त के आदेश पर शराब की सरकारी दुकानों से शराब खरीदने पर बिल तक नहीं मिल रहे हैं?

## 61 से अधिक आवेदकों ने ऑनलाइन लर्निंग लायसेंस प्राप्त किए


### आमजन एवं युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित हो रही योजना

**भोपाल। (आरएनएस)।** प्रदेश के नागरिकों के लिए बिना परिवहन कार्यालय पहुँचे ही लर्नर लायसेंस प्रदान करने की ऑनलाइन प्रकिया के अप्रत्याशित परिणाम सामने आ रहे हैं। ऑनलाइन लर्निंग लायसेंस प्रक्रिया को सरल करने के उद्देश्य से परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की पहल पर परिवहन विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में 1 अगस्त से सारथी सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन लर्निंग लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस सम्बंध में परिवहन आयुक्त मुकेश जैन ने बताया कि 14 अगस्त तक विभाग को लर्नर लायसेंस के 73428 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 69794 आवेदकों ने टेस्ट दिया एवं 61289 लर्नर लायसेंस जारी किए जा चुके हैं। जिसमें परिवहन विभाग को 260 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। यह योजना परिवहन कार्यालयों में प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाने में मील का पत्थर साबित हो रही है। प्रदेश के सभी नागरिकों विशेषकर युवा वर्ग द्वारा इस पहल को बहुत ही अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। निकट भविष्य में ड्राइविंग लायसेंस के लिए इसी प्रकार की योजना प्रारंभ की जाएगी। परिवहन आयुक्त मुकेश जैन ने बताया कि प्रदेश में 40 हजार से भी अधिक कॉमन सर्विस सेंटर तथा एमपी ऑनलाइन के सर्विस केंद्र हैं जहां से आवेदक ऑनलाइन आवेदन के लिए सहायता प्राप्त कर सकता है। यदि वह स्वयं आवेदन करने में कठिनाई महसूस करते हैं।

**क्या है सारथी योजना:** इस योजना के द्वारा कोई भी व्यक्ति जो लर्निंग लायसेंस के लिए निर्धारित मानदंड को पूरा करता है, वह आधार कार्ड की केवाईसी द्वारा ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। वह ऑनलाइन टेस्ट को उत्तीर्ण करने के पश्चात अपना लर्निंग लाइसेंस प्राप्त कर सकता है। इस प्रक्रिया के लिए आवेदक को परिवहन कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होती। ऐसे आवेदक जो बिना आधार कार्ड के लर्नर लायसेंस प्राप्त करना चाहते हैं वह भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।







# राज पैलेस होटल के संचालक सेठ राजमल को रंगदारी के आरोप में गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा

### मौके से मुख्य आरोपी सहित चार गिरफ्तार, आरोपी राजमल फरियादी की जमीन पर कब्जा करने का कर रहा था प्रयास





**शिवपुरी।**

शहर के पुराने बस स्टेंड के पास स्थित होटल राज पैलेस के संचालक राजमल सेठ को कोतवाली पुलिस ने दर्रोनी तिराहे से अवैध वसूली और रंगदारी के आरोप में उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह समाजसेवी नितिन अग्रवाल की करोड़ा की जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहा था। दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों का न्यायालय जाने तथा यथास्थिति कायम रखने को कहा था। लेकिन इसके बाद भी जब होटल मालिक उक्त विवादित जमीन पर अवैध निर्माण करा रहा था, तो पुलिस ने मौके पर राजमल सहित चार लोगों को अवैध कब्जा और रंगदारी के आरोप में मौके से ही दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी राजमल सेठ से उसकी पिस्तौल भी बरामद की है। जिससे वह फरियादी को धमका रहा था। पुलिस ने फरियादी नितिन अग्रवाल पुत्र राजकुमार अग्रवाल निवासी मंगल मसाले वाली गली की शिकायत पर आरोपी राजमल गुप्ता, पृथ्वी यादव, प्रभात रावत और जयकुमार रजक के खिलाफ भादवि की धारा 447, 327, 506 और 34 के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पिछले तीन-चार दिनों में जमीन कारोबारियों के बीच विवाद में यह दूसरी एफआईआर है। इस मामले की जानकारी देते हुए फरियादी नितिन अग्रवाल ने बताया कि 11 सितम्बर को जब वह अपनी दर्रोनी तिराहे स्थित जमीन पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि 10-15 असामाजिक नजर आने वाले लड़के उनकी जमीन की बाउंड्रीवॉल तोड़ रहे हैं और उन्होंने वहां ईटें आदि भी रखवा दी थीं तथा निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। इस पर जब उन्होंने आपत्ति की तो उन कथित गुंडों ने गाली गलौच करना प्रारंभ कर दिया और वे हाथापाई पर उतर आए। इससे घबराकर वह वहां से भाग आए और कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने टीआई बादाम सिंह यादव को पूरी बात बताई और अपने जमीन के स्वामित्व संबंधी कागजात भी दिखाए। कागजात देखने के बाद टीआई ने पुलिस बल को मौके पर भेजा और पुलिस को देखकर कुछ आरोपी भाग निकले। लेकिन चार-पांच लड़के पकड़ में आ गए। जिन्हें पुलिस कोतवाली उठा लाई। इसके बाद आरोपी राजमल सेठ कोतवाली पहुंचे और उन्होंने दावा किया कि उक्त जमीन उनकी है। जबकि जमीन के स्वामित्व संबंधी कागजात वह नहीं दिखा पाया। लेकिन टीआई बादाम सिंह यादव ने कहा कि अभी तो दोनों पक्ष यथा स्थिति कायम रखें और जब वैधानिक रूप से यह फैसला हो जाने दें कि जमीन किसकी है। इस बात पर दोनों पक्षों ने सहमति व्यक्त की। लेकिन फरियादी नितिन अग्रवाल का कहना है कि राजमल के मन में बदनियती थी। सोमवार 13 सितम्बर को उन्हें विदित हुआ कि राजमल उक्त जमीन पर खड़ा होकर निर्माण कार्य करा रहा है। उसने फरियादी द्वारा बनाई गई बाउंड्रीवाल तोड़ दी थी और दुकानों का निर्माण करा रहा था। इस पर फरियादी नितिन अग्रवाल अपने चाचा सहित मौके पर पहुंचे और उन्होंने कहा कि जब टीआई ने यथास्थिति बनाने को कहा है तो आप यहां क्या कर रहे हैं। इस पर राजमल ने कहा कि यह जमीन हमारी है और नितिन अग्रवाल का कहना है कि राजमल ने उस पर रिवॉल्वर तान दी तथा कहा कि 10 लाख रूपए देने पर मैं यह जमीन छोडूंगा। घबराकर नितिन अग्रवाल वहां से चले आए और सीधे कोतवाली पहुंचे और उन्होंने टीआई बादाम सिंह को पूरी बात बताई इस पर टीआई ने नाराजी जाहिर की और कहा कि इस मामले में दोनों पक्षों को यथास्थिति बनाने का कहा गया था तो राजमल क्यों मौके पर पहुंचा। इस पर पुलिस ने सख्त रवैया अपनाया और पुलिस दर्रोनी तिराहे पर टीआई बादाम सिंह के नेतृत्व में पहुंची और पुलिस ने राजमल सेठ और उसके गुर्गों को दबोच लिया। बताया जाता है कि मौके पर शराब पार्टी भी चल रही थी। पुलिस ने पहले तो सभी आरोपियों की वहीं खैर खबर ली और फिर वाहन में पटककर कोतवाली ले आए। आरोपी राजमल गुप्ता के पकड़े जाने की खबर सुनकर सैकड़ों लोग कोतवाली में एकत्रित हो गए।

#### 15 दिन पहले ही चैक बाउंस मामले में आरोपी राजमल की हुई थी गिरफ्तारी

राज पैलेस होटल के संचालक सेठ राजमल की छवि शिवपुरी में अच्छी नहीं है। 15 दिन पहले ही चैक बाउंस के मामले में न्यायालय ने उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। जिसके तारतम्य में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। आरोपी के खिलाफ चैक बाउंस के कई मामले चल रहे है। और कई जमीन संबंधी विवाद में उसकी मुख्य भूमिका बताई जाती है। बैंकों और साहूकारों को भी उससे करोड़ों रूपए की वसूली करनी है। लेकिन आरोप है कि सेठ राजमल रिवॉल्वर और अपने गुर्गों की दम पर लोगों को धमकाता है, जिससे वे उसके खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज न कराए। लेकिन अब उसकी गिरफ्तारी से यह भ्रम भी टूटा है और प्रभावित लोग अब उसके खिलाफ खुलकर शिकायत करने लगे हैं।

## वैक्सीनेशन जन जागरूकता अभियान-यमराज पहुंचे लोगों के बीच, बोले वैक्सीन नहीं लगवाए तो मेरे साथ चले

**शिवपुरी।**



मैं यमराज हूं, सभी वैक्सीन लगवाओ, नहीं तो मेरे साथ चलो। इस चेतावनी के साथ शहर में घूमे यमराज। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और जिला टीकाकरण अधिकारी के पास पहुंचकर वैक्सीन से शेष रहे लोगों की सूची भी ली और शहर में घूमकर लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए कहा। दरअसल वैक्सीनेशन महाअभियान को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोगों तक संदेश पहुंचे और सभी नागरिक जिन्होंने अभी तक वैक्सीन नहीं लगवाई है वह अपने घर से निकले और नजदीकी केंद्र पर पहुंचकर वैक्सीन लगवाएं। इसी क्रम में शिवपुरी शहर के निवासी भरत जाटव यमराज बनकर लोगों के बीच पहुंचे और वैक्सीनेशन के लिए लोगों को जागरूक किया। कोविड से सुरक्षा के लिए वैक्सीन जरूरी है। इसलिए 17 सितंबर को पूरे प्रदेश में कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान चलाया जाएगा जिसमें जिले में लगभग एक लाख लोगों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसकी तैयारी की जा रही है। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के निर्देशन में पूरी टीम काम कर रही है। सभी से यह अपील भी की जा रही है कि यह अभियान तभी सफल होगा जब इसमें सभी की भागीदारी होगी इसलिए जनजागरूकता अभियान में सहभागी बने और वैक्सीनेशन के लिए लोगों को प्रेरित करें।

## डेंगू पर प्रहारः कलेक्टर ने शहर में निकाली रैली,जन अभियान रैली को दिखाई हरी झंडी



शिवपुरी। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने ''डेंगू पर प्रहार'' अभियान रैली को आज हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन, सिविल सर्जन डॉ.राजकुमार ऋषिश्वर, डॉ पी.के.खरे, फैमिली हेल्थ इंडिया के जिला समन्वयक दीपक जोहरी, मलेरिया अधिकारी डॉ.लालजू शाक्य एवं एंबेड टीम के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, संगठन मंत्री ने जनसमुदाय को प्रोत्साहन करने के लिए जगह-जगह पानी से भरे गड्ढे में छि?काव किया और समझाइश भी दी। उन्होंने कहा कि शहरवासी अभी समय रहते तैयार हो जाएं। शिवपुरी जिले में 2018 में डेंगू की त्रासदी देखी गई है, ऐसी स्थिति दुबारा निर्मित न होने पाए। उन्होंने प्रशासन एवं शहर के प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की है की घर में पानी से भरे बर्तन, कबा?, कूलर टंकी, टायर आदि को समय-समय पर खाली अवश्य करें जिससे कि उसमें मलेरिया, डेंगू का लार्वा न पनप सके और लार्वा पैदा होता है तो उसका विनिष्टीकरण करें। उन्होंने कहा कि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारी दिन में काटने वाले मच्छरों के द्वारा फैलती है इसलिए इससे साबधान रहे और बचाव के हर संभव प्रयास करते रहें और नियमित रूप से मच्छरदानी, कॉइल, फास्टकार्ड का उपयोग करें और बताया कि यह अभियान लगातार 15 दिन तक संचालित किया जाएगा।

## दुकान के सामने मैजिक खडी करता था आरोपी हटाने की कहा तो व्यापारी को दिखा रहा था रंगदारी

**शिवपुरी।**

खबर शहर के देहात थाना क्षेत्र के झांसी तिराहे स्थिति विपिन सचदेवा की सेनेट्री की दुकान के बाहर से आ रही हैं। जहां बीते कुछ दिनो से एक लोडिंग चालक लगातार व्यापारी को प्रताणित करते हुए रंगदारी दिखा रहा था। इस मामले की शिकायत पीडित ने पुलिस थाना देंहात में की। जहां पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ रंगदारी की धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है। जानकारी के अनुसार विपिन सचदेवा की झांसी तिराहे पर सेनेट्री की दुकान है। जिसके सामने प्रतिदिन बंटी शर्मा निवासी तुलसीनगर अपनी लोडिंग बाहन पार्क करता था। जिसके चलते दुकानदार ने उसे गाडी हटाने की कहा। जिसपर आरोपी बंटी शर्मा ने विपिन सचदेवा को धमकाते हुए रंगदारी दिखाते हुए कहा कि में गाडी तो यहां से हटा लेता हूं परंतु इसके एबज में जो पार्किग का पैसा लगेगा वह तुम्हे देना पडेगा। जिस पर से आरोपी दुकानदार को रंगदारी दिखाते हुए रूपयों की मांग करने लगा। जिसपर से पुलिस ने उक्त मामले में दुकानदार की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 327, 323, 294, 506,34 भादवि के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

## करैरा थाना पुलिस ने दो स्मेक सप्लायर पकड़े



**करैरा।**

पुलिस थाना करैरा ने दो समेक्री 6-6 ग्राम पुड़िया के साथ गिरफ्तार किए हैं।जानकारी के अनुसार मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर कि दो व्यक्ति सिलारपुर चौराहे पर स्मेक का व्यापार करने के लिए खड़े हैं।उक्त सूचना से अतिशीघ्र कार्यवाही करने हेतु एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया एवं एसडीओपी जीडी शर्मा के निर्देशन मैं एक टीम गठित की गई। टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करने पर मौके पर जाकर देखा तो दो व्यक्ति एक मोटरसाइकिल सहित खड़े मिले। जिनका नाम पता पूछा तो पहले ने अपना नाम जितेंद्र पुत्र बुध सिंह शिवहरे उम्र 26 साल निवासी नया अमोला थाना अमोला, दूसरे ने अपना नाम अयोध्या पुत्र गोकुल साहू उम्र 46 वर्ष निवासी काजी मोहल्ला करेरा को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास पारदर्शी स्मेक की पुड़िया जिनमें 6 - 6 ग्राम मादक पदार्थ जेब मे रखी हुई थी। जिसे जप्त की गई तथा एक मोटरसाइकिल भी जप्त कर दोनों को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 525/ 21 धारा 8/ 21 एनडीपीसी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इस प्रकरण में आरोपियों को गिरफ्तार करने तथा कुल 12 ग्राम स्मेक जप्त करने में नगर निरीक्षक अमित भदोरिया, उप निरीक्षक राघवेंद्र यादव, विजय खत्री, आरक्षक सोनू पांडे, भोला सिंह राजावत, देवेश तोमर, शैलेंद्र पाल की सराहनीय भूमिका रही है।

## फर्जी डिग्री डीएड देने बाले दो संचालकों को 5 साल की जेल, देना होगा जुर्माना

**करैरा।**

जिले के करैरा में फर्जी डीएड डिग्री देने वाले 2 संचालको को 5 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। करैरा में फर्जी डीएड कराने के नाम पर धोखाध?ी करने वाले दो लोगो को एडीजे अतुल सक्सेना ने 5 वर्ष के कठोर कारावास व जुर्माने की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2013 में ग्राम दौनी निवासी पपेन्द्र रावत एवं देवेन्द्र रावत दोनो भाईयों ने डीएड की फर्जी डिग्री दिए जाने के लिए रामेश्वर इंस्टीटयूट करैरा में खोला,और बेरोजगार छात्र छात्राओं से प्रवेश शुल्क लेकर ग्वालियर से डीएड डिग्री दिलवाए जाने का धोखा कर लाखों रूपए प्राप्त किए। जब छात्र छात्राओं को फर्जी बाडे की भनक लगी तो उन्होंने थाने में पहुंचकर रिपोर्ट लिखवाई जिस पर पूरी जांच होकर न्यायालय में मामला आया। 6 साल तक न्याय की गुहार लगाने वाले बेरोजगार छात्र छात्राओ के चेहरे खुशी से तब खिल गए जब न्यायालय द्वारा आरोपीगण के कृत्य को संगीन मानते हुए यह टिप्पणी की आरोपीगण के कृत्य से सुनहरे भविष्य की नींव रखे जाने से पहले ही मासूम छात्र छात्राओं का जीवन अंधकार मय हो गया। न्यायालय अतुल सक्सेना द्वितीय जिला न्यायाधीश ने आरोपीगण की समस्त दलील नकारते हुए उन्हें 5 वर्ष के कठोर कारावास एवं जुर्माने से दण्डित किया। मामले की पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक हर्षवर्धन दुबे द्वारा की गई। प्रकरण में छोटेलाल कुशवाह एएसआई द्वारा साक्षीगण की प्रस्तुती में सहायता की गई।

## नागिन के काटने से दूध गर्म कर रही महिला बाल-बाल बची

**नवनीत एक्सप्रेस प्रतिनिधि शिवपुरी।**

शहर के बडौदी में अपने घर में दूध गर्म कर रही महिला नागिन के काटने से बाल-बाल बच गई। बताया जाता है कि नागिन ने महिला छाया को काट तो लिया था, लेकिन वह अपना जहर नहीं छोड़ पाई। जिससे महिला की जान बच गई। बाद में वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने नागिन को पकड़ लिया। बडौदी निवासी रवि ने बताया कि मेरी भाभी कमरे में जब सोफे के पास बैठकर दूध गर्म कर रही थी। तभी सोफे के नीचे बैठी नागिन ने उनके हाथ पर फन मार दिया। यह देखकर छाया की चीख निकल गई और चिल्लाती हुई घर के बाहर आई। जब घरवालों को पता चला कि नागिन ने छाया को डंस लिया है तो उन्होंने बंध बांध दिया तथा एक जानकार के पास ले गए। वन विभाग को परिवार के अन्य सदस्यों ने घर में नागिन होने के बारे में सूचना दी और कुछ ही समय में रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई। जिसने थोड़े प्रयासों के बाद नागिन को पकड़कर नेशनल पार्क के जंगल में छोड़ दिया।

## हिंदी भाषा ही ऐसी भाषा है जिसे पढ़ना, समझना व बोलना आसान है- सेनानी अभय चंद

### सपोर्ट वाहिनी में हिंदी दिवस पखवाड़ा का शुभारंभ

**करैरा।**



सपोर्ट वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल में दिनांक 14 सितंबर 2021 को हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए वाहिनी परिसर में हिंदी पखवाड़ा 2021 का शुभारंभ सेनानी सपोर्ट वाहिनी अभय चंद द्वारा किया गया । इस अवसर पर वाहिनी में उपस्थित समस्त अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे, सेनानी अभय चंद सपोर्ट वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि हिंदी भाषा एक ऐसी भाषा है, जिसे पढ़ना, समझना तथा बोलना आसान है। भारत में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए कामकाज में हिंदी के प्रयोग को भी बढ़ावा देना है। अपने अंदर भाषाई सामंजस्य विकसित करके अधिक से अधिक कामकाज हिंदी में करने की प्रवृत्ति का भी विकास करना है आज हिंदी भाषा विभिन्न संपर्क माध्यमों जैसे रेडियो, टेलीविजन, समाचार पत्रों, पत्रिकाओं, विज्ञापनों और संसद जैसे महत्वपूर्ण मंच और व्यावसायिक जगत में अत्यंत लोकप्रिय हो चुकी है। देश के हर भाग में लोगों द्वारा इसे आम बोलचाल की भाषा के रूप में उपयोग किया जाता है। इस दिशा में राजभाषा के रूप में हिंदी के उपयोग के लिए बनाए गए अधिनियम एवं नियम का अनुपालन करते हुए हमें अपने कामकाज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने का प्रयास करना चाहिए। यह हर्ष का विषय है कि इस दिशा में लगातार प्रगति हो रही है और हमें यह देखना है कि इसे और आगे कैसे बढ़ाया जा सकता है। हिंदी पखवाड़े के दौरान कुल सात प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले विजेताओं को नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। हिंदी पखवाड़ा मनाने का मुख्य उद्देश्य हिंदी के प्रति जागरूकता, हिंदी में कार्य करने के प्रति रूचि बढ़ाना और जन-जन को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर सेनानी सपोर्ट वाहिनी द्वारा वाहिनी में कार्यरत समस्त पदाधिकारियों से प्रशासनिक कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग की अपील की गई। इस अवसर पर वाहिनी के पदाधिकारी उप सेनानी गजेंद्र सिंह, लालाराम वर्मा, रविंद्र सिंह, सहायक सेनानी मनीष गौतम, विनोद कुमार, फैजन सुल्तान सिद्धकी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## माफिया गरीबों से कहता कि राशन नहीं आया रात्रि में बेंच रहा था, पब्लिक ने पकडकर पुलिस के हवाले किया

**शिवपुरी।**



जिले के नाम बैसे तो बडे बडे घोटाले रहे है। चाहे मामला सहकारिता से जुडा हो या खाद्य विभाग से।चारो तरफ भ्रष्टाचार जमकर पैर पसार रहा है। ऐसा ही मामला आज उस समाय प्रकाश में आया जब कोलारस में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का राशन व्यापारी के गोदाम में जा रहा था। अटरूनी गांव के लोगों को पता चला तो सरकारी खाद्यान ट्रैक्टर के जरिए गल्ला व्यापारी के गोदाम पर जा रहा है तो उन्होंने दबिश दी और ट्रैक्टर सहित राशन पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने खाद्यान से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर चौकी में ख?ी कर ली है। खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को मामले की सूचना दे दी गई है।

**ट्रॉली में पार्टीशन कर भरा था गेंहू और चावल**

अटरूनी गांव की शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर आसपास के कई गांव के हितग्राही खाद्यान लेने के लिए आते हैं, लेकिन लंबे समय से सेल्समैन प्रवेश रघुवंशी अजान नहीं आने का बहाना बनाकर राशन ग्रामीणों को नहीं बांट रहा था। इसी के चलते ग्रामीण कंट्रोल पर आने वाले खाद्यान पर नजर रखने लगे। हाल ही में खाद्यान आया तो उसमें से कुछ राशन बांटकर रघुवंशी ने बाकी राशन ब्लैक मार्केट बेच दिया। इसे ही ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर व्यापारी के गोदाम में भिजवा रहा था। लोगों को पता चला कि रात में राशन जाने वाला है। ग्रामीणों ने पीछा किया तो ट्रैक्टर-ट्रॉली गल्ला कारोबारी नीरज के गोदाम पर उतरता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर लुकवासा चौकी प्रभारी योगेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे। यहां ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेंहू, चावल सहित अन्य राशन मिला। इस पर राशन सहित ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर ली।

#### इनका कहना है

कुछ ग्रामीणों ने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पक? कर हमें सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि कंट्रोल का गेंहू बाजार में बिकने जा रहा है। सूचना पर हमने ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर ली है, उसमें गेंहू, चावल भरा है। मामले की जानकारी खाद्य विभाग को दे दी है। आगे की कार्यवाही वही करेंगे।

**योगेन्द्र सिंह सेंगर,चौकी प्रभारी लुकवासा**

# सरसों का तेल का असर चाय, नाश्ते व समोसे पर महंगाई पर पड़ा, अब नाश्ते के लिए देनी होगी ज्यादा कीमत

### महंगाई ने बिगाड़ा गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट, रसोई गैस से लेकर सरसों का तेल व पेट्रोल हुए मंहगा

### लॉकडाउन में लोगों का काम धंधा छिन गया, अब मंहगाई बरपा रही अपना कहर, आमजन का घर चलाना हो रहा मुश्किल





भिण्ड। महंगाई दिनों दिन बेतहाशा बढ़ रही है, डीजल, पेट्रोल, गैस सहित सरसों सहित रिफाइंड आदि तेल के बाद में लगातार इजाफा होने से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट बिगाड़ कर रख दिया है हालत यह है कि लोगों को अपनी घर-गृहस्थी चलाने में पसीने छूट रहे हैं। वहीं बढ़ते खाद्य तेल के दामों के कारण खाने-पीने की चीजें महंगी हो रही हैं, ठेले-खोमचों में मिलने वाले चाय-समोसा के दाम पहले के मुकाबले काफी बढ़ गए हैं। कोरोना काल में लोगों के आय के संसाधन सीमित हो रहे हैं, ऐसे में हर कोई दो-दो पैसे की बचत करने में जुटा है, लेकिन हर रोज बढ़ती महंगाई में लोग चाहकर भी बचत नहीं कर पा रहे हैं। फल-सब्जी, खाद्य तेल, रसोई गैस, पेट्रोल से लेकर कई जरूरत और रोजमर्रा इस्तेमाल की चीजों के बढ़ते दामों से हर दिन जनता को मंहगाई का झटका लगा रहा है। खाद्य तेलों में इजाफा होने की बजह से गरीब व मध्यमवर्गीय परिवार अपने-अपने घरों सब्जी बनाने में छींके आ रही हैं अधिकांश लोगों का लॉकडाउन में काम धंधा छिन गया है और लोग पहले से ही बेहताशा परेशान है ऊपर से अब मंहगाई डाइन अपना कहर बरपा रही है आमजन को घर चलाना मुश्किल होता जा रहा है। महंगाई की वजह से आम लोगों के साथ छोटे दुकानदारों को भी चौतरफा मार झेलनी पड़ी है, ठेले, खोमचों में चाय-नाश्ता बेचने वाले दुकानदारों ने अब खाने-पीने की चीजों के दाम भी बढ़ा दिए हैं, वजह सिर्फ एक ही है, वो है महंगाई। बीजेपी सरकार आमजन को सहुलियत देने की बजह मंहगाई के बोझ में दबाने में लगी हुई है। खाद्य तेलों में हुए जबरदस्त इजाफे ने लोगों को चितित व झकझोर कर रख दिया है। खासकर रसोई का संचालन करने वाली गृहणियों के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आई हैं। व्यंजन और प्रतिदिन का खाना बनाने में हाथ सिकोडने पड रहे हैं। फरवरी 2020 में 140 रुपये में बिकने वाला सरसों का तेल उछल कर 180 रुपये प्रति लीटर से लेकर 200 रुपये प्रति लीटर इन दिनों बिक रहा है। इसी तरह 95 रुपये प्रति लीटर में बिकने वाला रिफाइंड मौजूदा समय में 165 रुपये बिक रहा है। जिस तेजी से दाम बढ़ रहे हैं उससे खाद्य तेल मध्यम व गरीब परिवारों की पहुंच से दूर होते जा रहे हैं। अगर यही हाल रहा है तो आने वाले दिनों में गरीब परिवार की थाली से सब्जियां छिन जायेगी और उन्हें नमक व मिर्ची से रोटी खाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

#### पहले पेट्रोल फिर रसोई गैस, अब खाद्य तेल कर रहे परेशान

सरकार ने पहले डीजल, पेट्रोल के दाम बढ़ाये, जिसके बाद रसोई गैस, अब खाद्य तेल जैसे सरसों का तेल, डिफाइंड आदि तेलों पर बेहाताशा मंहगाई कर दी है। गरीब व मध्यमवर्गी परिवारों को तेल खरीदने में छींके आ रही है दोनों समय बनने वाली सब्जी अब एक समय बना रहे हैं और सुबह का बनने वाला नाश्ता भी बंद कर दिया है केवल चाय से ही लोग काम चला रहे हैं आमजन का कहना है कि इस तरह से सरकार तेलों पर महंगाई करती रही थी आमजन वैसे ही बर्वाद हो जायेगा। पहले लॉकडाउन ने आमजन को हिलाकर रख दिया, अब मंहगाई मार डाल रही है।

#### महंगाई का असर चाय समोसे पर खाद्य तेल के बढ़ते दामों में लोगों की बढ़ाई चिंता

पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों से ज्यादा लोगों को चिंता खाने के तेल की ज्यादा है, खाद्य तेल के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं, ब्रांडेड के खाद्य तेल एक लीटर 190 रुपये से लेकर 200 रुपये में बिक्री हो रहा है वहीं रिफाइंड के दाम 165 पहुंच गया है इस तरह से आमजन व मध्यमवर्गीय परिवार को तेल खरीदना मुश्किल हो रहा है। वहीं तेल मंहगे होने की बजह से होटलों का का भी बजट बिगड़ रहा है दिनों दिन ग्राहकों की संख्या भी कम होती जा रही है। मंहगाई पर सरकार को नियंत्रण करना चाहिए, जिससे लोगों को बढ़ती कीमतों से राहत मिल सके।

#### फैक्ट फाइल

-सरसों तेल का भाव एक किलो 200 रुपये
-रिफाइंड तेल का भाव एक किलो 165 रुपये
-पेट्रोल तेल का भाव एक लीटर 113 रुपये
-डीजल तेल का भाव एक लीटर 98 रुपये

#### क्या बोलीं गृहणियां

एक साल से लगातार खाद्य तेलों में बढ़ोतरी ने सारा बजट बिगाड कर रख दिया है, अब कुछ खाने-पीने की चीजें बनाते हैं तो कई दफा सोचना पड़ता है अब तो सरसों तेल के प्रति लीटर दाम 200 रुपये पहुंच गया है।

**-मंजू देवी, जामना रोड भिण्ड**

खाद्य तेलों में जबरदस्त महंगाई है। सरकार भी मूल्य नियंत्रित नहीं कर पा रही है। इससे आम जनता खासी परेशान है पहले लॉकडाउन में काम धंधा छीन लिया, अब मंहगाई परेशान कर रही है।

**-सोमन जैन, सदर बाजार भिण्ड**

## विधायक एवं कलेक्टर ने डेंगू पर प्रहार जन अभियान जागरुकता रथ को दिखाई हरी झण्डी

भिण्ड । डेंगू पर नियंत्रण हेतु (डेंगू पर प्रहार) अभियान अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित भीमनगर में डेंगू पर प्रहार जन अभियान जागरुकता रथ को क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह एवं कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही मच्छर जन्य परिस्थितियों के उपायों पर विशेष जागरुकता अभियान चलाया गया एवं मलेरिया वर्करों द्वारा घरों के आस-पास एंटी लार्वा, पाउडर छिड़काव कर डेंगू से बचाव का जनसामान्य में जागरुकता अभियान चलाकर समझाईस दी। क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने डेंगू, मलेरिया को फैलने से रोकने और बचाव के संबंध में लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारी बरसात के मौसम में और उसके बाद के महीनों ( माह जुलाई से अक्टूबर) में सबसे ज्यादा फैलता है क्योंकि इस मौसम में मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल परिस्थितियां होती हैं। एडीज इजिप्टी मच्छर बहुत ऊंचाई तक नहीं उड़ पाता और डेंगू का मच्छर खासतौर पर सुबह के वक्त काटता है। काटे जाने के करीब 3-5 दिनों के बाद मरीज में डेंगू बुखार के लक्षण दिखने लगते हैं और शरीर में बीमारी पनपने की मियाद 3 से 10 दिनों की भी हो सकती है। कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने आम नागरिको को जागरूक करते हुए कहा कि डेंगू का मच्छर ठहरे हुए पानी में पनपता है इसलिए घरों में और आसपास के इलाको में पानी न जमा होने दें, कूलर में भरा पानी 2 से 3 दिन बाद जरूर बदल दें, सभी लोग अपने घर में पानी में केरोसीन या फिनायल डालकर नियमित पोछा लगाएं।



## एटीएम फ्रॉड करने वाले बदमाश गिरफ्तार



भिण्ड। एटीएम से कैश निकालते समय फ्रॉड करने वाले सक्रिय बदमाशों को एटीएम बूथ पर तैनात गार्ड की सर्तकता से पुलिस ने बदमाश को रंगे हाथों दबोच लिया गया है। फाइनेंसियल सॉफ्टवेयर एंड सिस्मट कंपनी के टेरेटरी मैनेजर दिव्य कुमार राय निवासी ओम अपार्टमेंट ग्वालियर ने बताया कि पिछले एक महीने से लहार, मिहोना से एसबीआई एटीएम बूथ से लगातार एटीएम ऐरर क्रिए करके कार्डधारी द्वारा बैंक में शिकायत की जा रही है कि उसके अकाउंट से पैसा डेबिट हो गया है, परंतु प्राप्त नहीं हुए। इस शिकायत पर एसबीआई द्वारा संबंधित बैंक को आरबीआई की गाइड लाइन के अनुसार तीन दिन में शिकायत कर्ता को रुपए वापस करना होता था।

## शिक्षा नीति एवं हिन्दी भाषा की प्रासंगिकता पर बेबिनार सम्पन्न



मेहगांव। शासकीय महाविद्यालय मेहगांव में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं हिन्दी भाषा की प्रासंगिकता पर एक दिवसीय बेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के.सक्सेना ने की एवं विषय विशेषज्ञों के रूप में डॉ . उमाशंकर पचौरी (महामंत्री भारतीय शिक्षण मंडल) जो कि म.प्र. की शिक्षा नीति के कार्यदल के सदस्य रहै है एवं माधव महाविद्यालय ग्वालियर के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. शिवकुमार शर्मा रहे। विषय विशेषज्ञों ने नवीन शिक्षा नीति के संदर्भ में हिन्दी की उपादेयता पर बारीकी से प्रकाश डाला तथा चिकित्सा शिक्षा, इन्जीनियरिंग एवं प्रबंधन में साहित्य के निर्माण हिन्दी में किया जाएं हिन्दी वर्णमाला, नवीन शब्द एवं शब्दकोषो के निर्माण पर बल दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के.सक्सेना जी ने विभिन्न शिक्षा नीतियो पर प्रकाश डाला, कार्यक्रम का संचालन राधाकृष्ण शर्मा ने किया एवं सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत शताक्षी, कृतिका द्वारा किया गया। एवं प्रतिवेदन आर. के. डबरिया ने प्रस्तुत किया एवं आभार प्रदर्शन हिन्दी विभाग की अध्यक्ष श्रीमती गिरिजा नरवरिया ने किया एवं इसमें महाविद्यालय परिवार के अनुग्रह दत्त शर्मा, प्रियंका सिंह बिसेन, आलोक मिश्रा, सुनील बंसल, डॉ . हर्षद मिश्रा, दुर्गेश गुप्ता, अनिल त्यागी, शिवप्रकाश नरवरिया, वन्दना श्रीवास्तव, शैलेन्द्र रमन एवं सुशील चौधरी आदि समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

## किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए दिये ज्ञापन



भिण्ड। भारतीय किसान संघ जिला भिंड प्रदेश की योजना नुसार प्रति वर्ष 15 सितम्बर को ज्ञापन दिवस मनाता है। जिसके माध्यम से केन्द्र सरकार राज्य सरकार, एवं जिला प्रशासन का किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए ध्यान आकर्षित करता है। किसान संघ के संभागीय मंत्री रमेश बाबू चौधरी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि लहार में जिला अध्यक्ष रामसिंह चौहान के नेतृत्व में भूपेंद्र सिंह तोमर, राजेश सिंह राजावत मिहोना में नृपेंद्र सिंह राजावत राजा भैय्या के नेतृत्व में प्रदीप पचौरी, राजबलसिह मौ तहसील में चन्द्रजीत यादव, हनुमंत सिंह के नेतृत्व में गोहद में रामगोपाल गुर्जर, रामनरेश शर्मा, तहसील अध्यक्ष के नेतृत्व में भिंड में रमेश बाबू जनवेद सिंह यादव के नेतृत्व में ज्ञापन दिए गए ज्ञापन में केन्द्र सरकार से मांग की है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा को खेत इकाई माना जावे एवं फसल बीमा की जमा कराई गई या के सी सी से काटी गई राशि की रशीद दिलाई जावे, कृषि कार्य में लगने वाले सभी यंत्रों खाद बीज आदि पर जी एस टी न्यूनतम रखी जावे, बैंक से लोन प्रकिया को सरल एवं पारदर्शी बनाई जाए, भारत सरकार के खेती से संबंधित सभी मंत्रालय की समितियों में किसानों को भी शामिल किया जाए, प्रदेश के मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए खरीफ फसलों की अल्प वर्षा अति वर्षा एवं बाढ़ के कारण हुए नुक्सान का सही सही पुनः सर्वे कराकर किसानों को नुकसान की भरपाई की जावे, मक्का एवं तिल को समर्थन मूल्य पर खरीदा जावे कृषि साख सहकारी समितियों में किसानों के शोषण भ्रष्टाचार की जांच प्रशासनिक अधिकारियों से कराई जावे, बलराम तालाब योजना पुनः शुरू की जावे किसानों के फुके टान्सफार्मरो के लिए एम्बुलेंस सेवा शुरू की जाकर 24 घंटे में बदला जावे, किसानों की समर्थन मूल्य पर बेची गईं फसल का पेमेंट, राहत राशि या बीमा राशि को किसानों के बचत खाते में जमा कराई जावे ऋण में समायोजित नहीं कराई जावे कलेक्टर को दिये ज्ञापन में कलेक्टर महोदय का ध्यान आकर्षित करते हुए माग की है कि राजस्व विभाग किसानों के शोषण का बहुत बड़ा अड्डा बन गया है राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण शीघ्र ही किया जाए।

## पिछड़े वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देकर कमलनाथ सरकार ने लिया था ऐतिहासिक फैसला : पटेल



भिण्ड। मध्यप्रदेश। प्रदेश में पिछड़े वर्ग को 27 फीसदी एवं सामान्य वर्ग को 10 फीसदी आरक्षण, देकर 15 माह की कमलनाथ सरकार ने ऐतिहासिक एवं साहसिक फैसला लिया था जो काम पिछड़ो वर्ग होने के वावजूद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह 15 साल में भी नही कर पाए वो कमलनाथ सरकार ने सिर्फ 15 माह में किया इससे ये स्पष्ट शिवराज सिंह की मंशा और नियत में खोट रही है। पिछड़े दलितों को आजादी के बाद से आज तक जो भी लाभ मिला है वो सिर्फ कांग्रेस पार्टी ने दिया है। कांग्रेस जँहा इतने बड़े वर्ग को लाभ देने का कार्य करती तो भाजपा ने पिछड़ा वर्ग,को सिर्फ वोट बैंक समझा। ये बात प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं प्रदेश पिछड़ा वर्ग के प्राभारी पवन पटेल ने कार्यकर्ताओं और प्रेसवार्ता में पत्रकारों से कही। श्री पटेल प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के प्रति आभार व्यक्त करने निकाली जा रही ओबीसी आभार यात्रा के दौरान भिण्ड प्रभास पर आए थे, जो प्रदेश के विभिन्न जिलों में जाकर भाजपा सरकार की पोल खोलने के कार्य कर रही है साथ साथ कमलनाथ का आभार व्यक्त करेगी। इस अवसर पर मीडिया से चर्चा में पटेल ने कहा कि शिवराज कहते है मैं किसान का बेटा हूं और आज कृषि क्षेत्र का क्या हाल है पूरा प्रदेश जानता है 18 सालों से शिवराज सिंह कहते हैं मैं आप का मामा हूं आज महिलाओं पर जो अत्याचार हो रहे हैं, मध्य प्रदेश नंबर एक पर है। 28 साल से शिवराज सिंह कहते रहे मैं ओबीसी का रक्षक हूं और आज तक पिछड़ी ओबीसी जाति का आरक्षण नहीं हुआ, जब से हम लोग लगे हैं हमारी सरकार आई हम ने ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण लागू किया। इसमें भाजपा सरकार श्रेय लेना चाह रही है, जनता इसका फैसला करे इसमें भावनाओं की बात होती है, मुंह चलाने से नहीं होता है। ये दिल की बात है, ये हमारी नीयत थी इसलिए हमने 27 फीसदी आरक्षण लागू किया, मुझे श्रेय की आवश्यकता नहीं, सच्चाई की आवश्यकता है मैं उम्मीद करता हूं मध्य प्रदेश के हर ओबीसी से आप सच्चाई की बात कीजिए।

जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने कहा कांग्रेस ही देश का वो दल हैं जिसने हर वर्ग को सम्मान दिया, कांग्रेस ने देश को आर्थिक रूप से विकसित किया और संवैधानिक संस्थाओं, उधोगों, अस्पताल, स्कूल,विश्व विधालय का निर्माण किया लेकिन भाजपा रेल,सहित कई संस्थाओं को बेचकर खोखला कर रही हैं। इसलिए हम सब आगामी 17 सितंबर को असफल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष संजय भूता ने किया और आभार सहयोजक अरविंद सोनी ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव नवल राजपूत, पूर्व अध्यक्ष जयश्रीराम बघेल, वीरेंद्र यादव, विधाराम शर्मा, कल्लू भारोली,राजवीर बघेल, अनिल भारद्वाज, ममता मिश्रा, राहुल कुशवाह, मनीष शिवहरे, अशोक गुप्ता, रामा पार्षद, तोमर, अमर सिंह कुशवाह,अंकित तोमर, सोनवीर यादव, प्रदीप प्रजापति, आदि ने भी अपने विचार रखें।

## 16, 17 एवं 18 सितंबर को कोविड वैक्सीन टीकाकरण करा, पायें आकर्षक उपहार पाने का मौका

भिण्ड । जिले में कोविड वैक्सीन टीकाकरण अंतर्गत प्रथम टीके से शेष व्यक्तियों को टीकाकरण करा जिले में शत-प्रतिशत व्यक्तियों को प्रथम डोज लगाने का लक्ष्य प्राप्त करने के साथ दूसरे डोज हेतु ड्यू व्यक्तियों को अपना दूसरा टीकाकरण कराने प्रेरित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा उपहार योजना प्रारंभ की जा रही है। जिसके अंतर्गत 16, 17 एवं 18 सितंबर को कोविड वैक्सीन टीकाकरण कराने आने वाले व्यक्तियों को प्रतिदिन आकर्षक उपहार पाने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम अंतर्गत जिले के प्रत्येक स्वास्थ ब्लॉक से इन तीन दिनो में टीकाकरण कराने आये व्यक्तियों में से कम्प्यूटर द्वारा रैंडम चुने गए 2 व्यक्ति को प्रतिदिन आकर्षक उपहार दिया जाएगा। इसके साथ जिले के ऐसे व्यक्ति या संस्था जो इन तीन दिनो में ज्यादा से ज्यादा पात्र व्यक्तियों को प्रेरित कर नजदीकी टीकाकरण केंद्रो पर उनका टीकाकरण कराएगी उन्हें जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

## कोरोना टीकाकरण में जागरुकता लाने के लिए भिण्ड में अनोखी पहल



भिण्ड। जिसके अंतर्गत 15-18 सितंबर को कोविड वैक्सीन टीकाकरण कराने पर आकर्षक उपहार पाने का मौका दिया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज 15 सितंबर 2021 को प्रत्येक स्वास्थ ब्लॉक पर टीकाकरण कराने आये व्यक्तियों में से कम्प्यूटर द्वारा रैंडम चुने गए 2 व्यक्ति को आकर्षक उपहार के रूप में टच मोबाइल दिया जा रहा है।भिण्ड स्वास्थ ब्लॉक से रैंडम्ली चयनित श्रीमती रिंकी निवासी भीम नगर को नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया एवं कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने मोबाइल उपहार में दिया।

# राष्ट्र एवं जनसेवा को समर्पित रहेगा पीएम मोदी का जन्मदिन : ओपीएस

### 20 दिवसीय कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता शिक्षा स्वास्थ्य पर्यावरण जैसे अनेकों कार्यक्रम जनता के लिए होंगे समर्पित

### 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक होंगे जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम



भिण्ड। भाजपा के वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने कहा की सत्ता और संगठन के केंद्रीय प्रदेश नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन 17 सितम्बर को है साथ ही यह सुखद संयोग है कि 7 अक्टूबर को उनके गवर्नेंस हेड के रूप में 20 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी के निर्देशानुसार सेवा और अभियान चलायेगी। इस अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता प्रधानमंत्री जी के दीर्घायु की कामना करते हुए समाज में रचनात्मक, सामाजिक, स्वच्छता अभियान, अन्न वितरण एवं गरीब कल्याण के कार्यक्रम बूथ स्तर तक आयोजित होंगे। इस अभियान को ग्राम एवं नगर केंद्र के साथ बूथ स्तर तक सफल बनाने में जुटें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मदिन की कार्य योजना को कार्यकर्ताओं के बीच सरकार के सभी जनप्रतिनिधि और कहा कि हम सब कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का पूर्ण रूप से निर्वाह कर कार्यक्रमों जनता तक ले जाने की कार्य योजना है। यह बात उन्होंने भिंड सर्किट हाउस पर प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कहीं भाजपा मंडल अध्यक्षों में प्रदीप सिंह भदौरिया, सुभाष मंडल शेरू पचौरी महाराणा प्रताप मंडल अमित जैन, बनखंडेश्वर मंडल अध्यक्ष पत्रकार वार्ता में मौजूद थे।

राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अंत्योदय मिशन को लेकर केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार के अंतिम छोर के व्यक्ति का आगे की पंक्ति में खड़ा करने की योजना बनाकर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जुड़ गई कांग्रेस के पास झूठा भ्रम फैलाने की सेवा कुछ नहीं है जिन्होंने अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों पिछड़ा वर्ग समाज के सांसदों को केंद्रीय मंत्रियों के रूप में लोकसभा सदन में उनका पर्चा तक नहीं होने दिया यह उनकी ओछी मानसिकता का प्रतीक है दलित और शोषित वर्ग के साथ आरक्षण को लेकर कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ दिग्विजय सिंह व अन्य कांग्रेस नेता समाज झूठ बोल कर उन्हें भ्रमित करने का प्रयास कर रहे और उन्होंने कहा कार्यकर्ता एकजुट होकर मोदी जी के जन्मदिन पर होने वाले आयोजित कार्यक्रमों को प्रत्येक मंडल स्तर के बूथ केंद्रों पर पहुंचे अगर मोदी और भाजपा की और शिवराज सिंह जी की शक्ति प्रदान करें। राज्यमंत्री भदौरिया ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन राष्ट्र और समाज सेवा को समर्पित रहेंगे सेवा और संकरण अभियान के कार्यक्रम सत्ता और संगठन के माध्यम से हर समाज के हितग्राहियों के बीच मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष में पीएम नरेंद्र मोदी की मनसा है स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के उपलक्ष्य में एक साथ पूरे प्रदेश में सफाई अभियान चलाया जाएगा और हमें सबसे पहले अपने देश प्रदेश जिला संभाग और गांव को स्वच्छ बनाने की जिम्मेदारी का निर्वाह करना होगा जिसके लिए हम जनता को प्रेरित करेंगे।

उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि मोदी ने विकास जन कल्याण योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर जनता की बधाई के लिए शिक्षा स्वास्थ्य पर्यावरण और स्वच्छता यह चार महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जिस पर पार्टी कार्यकर्ता और सरकार दोनों मिलकर कार्य करेंगे शिक्षा के क्षेत्र में भी अपार पुपरिवर्तन देखने को मिल रहे हैं नई शिक्षा नीति के तहत हमारे विद्यार्थियों में शिक्षा के क्षेत्र में उत्साह जागृत हो जिसके लिए प्रदेश सरकार पूर्ण रूप से संवेदनशील होकर कार्य कर रही है।

#### वैक्सीनेशन अभियान की सफलता के लिए जुटें

राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि सेवा और समर्पण अभियान के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रम के लिए मंडल से अलग-अलग प्रभारी बनाये गये हैं। हमारे कार्यक्रम बूथ स्तर तक सफल हों, इसकी मॉनीटरिंग भी करें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71वें जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेश सरकार 71 लाख वैक्सीनेशन का अभियान चलायेगी। इस अभियान में कार्यकर्ता नमो टीका के रूप में प्रत्येक बूथ पर 111 वैक्सीनेशन का लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि पूर्व में जिस तरह वैक्सीनेशन के दोनों अभियान कार्यकर्ताओं की मेहनत से सफल हुए हैं। उसी तरह इस अभियान को सफल बनाने में जुटें। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में 64 करोड़ से अधिक लोगों का टीकाकरण हो चुका है जिसमें भिंड जिले से 12 लाख लोगों ने टीके लगवाए हैं 8 लाख और बाकी हैं जिन्हें हम 3 दिन के अंदर अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हुए लोगों के बीच जाकर अधिक से अधिक टीके लगवाने के लिए सरकार और संगठन का कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को प्रेरित करेगा कि प्रथम और दूसरा दोस्त अवश्य लगवाएं क्योंकि कोविड-19 से सुरक्षा के लिए ये महत्वपूर्ण कवच है।

#### नमो उपवन तैयार कर 71 पौधारोपण करें

राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि सेवा और समर्पण अभियान के अंतर्गत 16 सितम्बर को हर जिले में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## पाटीदारों पर दांव

अहमदाबाद के घाटलोडिया विधानसभा क्षेत्र से विधायक भूपेंद्र पटेल ने गुजरात के नए मुख्यमंत्री का दायित्व संभाल लिया है। भूपेंद्र पटेल 2017 में पहली बार ही विधायक बने हैं और चार साल में ही आलाकमान ने उन्हें सीएम पद से नवाजा है। पाटीदार समाज गुजरात की राजनीति में बदलाव लाने वाला फैक्टर है। राज्य के 15 प्रतिशत मतदाता यानी की विधानसभा की 71 सीटों पर प्रभुत्व रखने वाले पाटीदार पिछले काफी समय से भाजपा से नाराज हैं। भाजपा ने असंतुष्ट पाटीदारों को खुश करने के लिए यह पाटीदार कार्ड खेलते हुए भूपेंद्र पटेल को गुजरात का नया मुख्यमंत्री नियुक्त किया। यानी 5 साल बाद गुजरात में फिर से पाटीदार सत्ता आ गई है। भूपेंद्र पटेल पाटीदार समाज के नेता हैं, साथ ही कडवा और लेउवा दोनों पटेल समुदायों में उनकी अच्छी छवि है। गुजरात में मतदाताओं के दबदबे के बीच इससे पहले 4 पाटीदार मुख्यमंत्री बने, जिसमें चिमनभाई पटेल और केशुभाई पटेल दो बार मुख्यमंत्री बनने के बावजूद पांच साल तक सत्ता में नहीं रह सके। इतिहास पर नजर डालें तो बाबूभाई पटेल से लेकर केशुभाई पटेल तक कोई भी पाटीदार मुख्यमंत्री किसी भी कारण से अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया। वर्ष 1976 में बाबूभाई आपातकाल के चलते और इसके बाद चिमनभाई नवनिर्माण आंदोलन के चलते पांच साल पूरे नहीं कर सके थे। वहीं, अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान चिमनभाई का अवसान हो गया था। इसके बाद केशुभाई पटेल की कुर्सी भाजपा में बगावत के चलते और दूसरी बार पार्टी द्वारा इस्तीफा लेकर गुजरात की जिम्मेदारी नरेंद्र मोदी को दे दी गई थी। इससे केशुभाई दोनों टर्म के दौरान अपने पांच साल पूरे नहीं कर सके थे। वहीं, इसके बाद आनंदीबेन पटेल भी अपने पांच साल पूरे नहीं कर सकी थीं। हालांकि, उन्होंने उम्र का बहाना बनाकर इस्तीफा दिया था, लेकिन सच बात तो यही थी कि उनकी कुर्सी पाटीदार आरक्षण आंदोलन और स्थानीय निकाय चुनावों के बुरे नतीजों के चलते ही गई थी। नरेंद्र मोदी के गुजरात से जाने के बाद भाजपा से पाटीदारों का गुस्सा बढ़ता चला गया और इसी के चलते 2017 के गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा को सिर्फ 99 और कांग्रेस को करीब 83 सीटें मिल गईं थीं। वहीं, भाजपा के वोट शेयर में 1 प्रतिशत और कांग्रेस के 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। जबकि, मोदी के रहते 2012 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के पास 115 सीटें थीं। 2017 के चुनाव में कांग्रेस के खाते में 16 सीटें ज्यादा आई थीं, यह फायदा उसे पाटीदार आरक्षण आंदोलन से हुआ था। 2012 में गुजरात के कुल 182 विधायकों में से 50 पाटीदारों को टिकट दिया गया था, जिनमें से 36 ने जीत दर्ज की थी। वहीं, 2017 के चुनाव में बीजेपी के 28 और कांग्रेस के 20 पाटीदार विधायक जीते थे। यानी की 2017 में पाटीदारों की नाराजगी के चलते भाजपा को 8 सीटों का नुकसान हो गया था। इस फेरबदल के पीछे राज्य में आम आदमी पार्टी का बढ़ता प्रभाव भी है। भाजपा के एक आंतरिक सर्वेक्षण में यह भी बात सामने आई है कि वर्तमान हालात में कांग्रेस में अभी भी संगठन, समन्वय और सक्रियता का अभाव है। इतना ही नहीं, कांग्रेस आंतरिक लड़ाई से ही जूझ रही है। वहीं, आम आदमी पार्टी गुजरात में आ गई है और स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस की तुलना में उसका प्रदर्शन भी बेहतर रहा है। ऐसे में अगर चुनाव दिसंबर 2022 में होते हैं तो आप पार्टी को कुछ बड़े नेताओं को अपने पाले में लेकर संगठन को मजबूत करने का काफी समय मिल जाएगा। ऐसे में विधानसभा चुनाव में भाजपा को कांग्रेस के साथ-साथ आम आदमी पार्टी का भी सामना करना पड़ेगा।

## जीवन दायनी प्रक्रिया का आधार है ओजोन परत

**डॉ. शंकर सुवन सिंह**

संयुक्त राष्ट्र द्वारा 16 सितंबर को एक घोषणा के रूप में नामित किया गया था। कहने का तात्पर्य यह है कि 19 दिसंबर 2000 को ओजोन परत की कमी के कारण मॉन्ट्रियल कन्वेंशन पर हस्ताक्षर करने के लिए यह दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित किया गया था। मॉन्ट्रियल कन्वेंशन दुनिया भर के हानिकारक पदार्थों और गैसों को समाप्त करके ओजोन परत की रक्षा करने हेतु एक अंतरराष्ट्रीय संधि है। ओजोन परत की रक्षा के लिए 1995,जो पहला वर्ष था जब इस दिन को दुनिया भर में मनाया गया था। इसके बाद से इस अंतर्राष्ट्रीय दिवस में भागीदारी को लेकर भारी वृद्धि देखी गई। इस दिन को एक अंतरराष्ट्रीय अवसर के रूप में देखने का मुख्य उद्देश्य ओजोन परत के बारे में जागरूकता की भावना पैदा करना है कि यह कैसे बनती है और इसमें पैदा हुई कमी को रोकने के क्या तरीके हैं। इस दिन विद्यालयों,कॉलेजों,संगठनों और मीडिया के लोगों के माध्यम से एक दूसरे से जुड़कर उनके विचारों को साझा किया जाता है। इस दिन यह जागरूकता फैलाई जाती है कि हमारी धरती को नष्ट करने वाले खतरे को नियंत्रित भी किया जा सकता है। विश्व ओजोन दिवस,पर्यावरण के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के महत्वपूर्ण साधनों के बारे में लोगों को शिक्षित करता है। मानव प्रकृति का हिस्सा है। प्रकृति व मानव एक दूसरे के पूरक हैं। प्रकृति के बिना मानव की परिकल्पना नहीं की जा सकती। प्रकृति दो शब्दों से मिलकर बनी है - प्र और कृति। प्र अर्थात प्रकृष्टि (श्रेष्ठ/उत्तम) और कृति का अर्थ है रचना। ईश्वर की श्रेष्ठ रचना अर्थात सृष्टि। प्रकृति से सृष्टि का बोध होता है। प्रकृति अर्थात वह मूलत्व जिसका परिणाम जगत है। कहने का तात्पर्य प्रकृति के द्वारा ही समूचे ब्रह्माण्ड की रचना की गई है। पर्यावरण से हम हैं और हमसे पर्यावरण। पारिस्थितिकी तंत्र का पृथ्वी से घनिष्ठ सम्बन्ध है। पर्यावरण पर हमारे चारों ओर के वातावरण का प्रभाव पड़ता है। ये वातावरण,वायुमंडलीय प्रभाव से निर्मित होता है। हमारा वायु मंडल मजबूत होगा तो वातावरण भी शुद्ध होगा। वातावरण शुद्ध होगा तो हमारा पर्यावरण भी शुद्ध होगा।पृथ्वी की रक्षा के लिए वायुमंडलीय सतह पर एक परत होती है। यह परत पराबैंगनी किरणों से हमारी व हमारे पर्यावरण की रक्षा करती है,जिसे ओजोन परत कहते हैं। वायुमंडल के ऊपरी सतह पर पराबैंगनी किरणों के प्रभाव में ऑक्सीजन विभाजन एटमो में होने लगा। तत्पश्चात एटमो ने मिलकर ओजोन का रूप धारण कर समताप मंडल में सांद्रित होकर ओजोन परत का निर्माण किया। पृथ्वी की बाहरी सतह मुख्यतः चार वर्गो में विभक्त है - 1. लिथोस्फीयर (पृथ्वी का आवरण), 2. हाइड्रो स्फीयर (समुद्र, नदियाँ और झीलें), 3. एटमास्फीयर (पृथ्वी का आवरण), 4. बायोस्फियर (यह तीनों का समावेश है)। आरम्भ में जब पृथ्वी का उदभव हुआ तो ऑक्सीजन गैस नहीं थी। ज्वालामुखियों के निरंतर टूटते-फूटते रहने से सम्पूर्ण वायुमंडल कार्बन डाई ऑक्साइड व मीथेन से भरपूर था। कुछ समय बाद समुद्रों के भीतर जीवन का उदभव हुआ,जो कार्बन डाई ऑक्साइड अवशोषित कर ऑक्सीजन का प्रजनन करने लगे। इस ऑक्सीजन ने पृथ्वी के ऊपरी वायुमंडल की ओर एकत्र होना शुरू कर दिया,जहां पराबैगनी किरणों के प्रभाव में ऑक्सीजन का विभाजन एटमो में होने लगा7 तत्पश्चात एटमो ने मिलकर ओजोन का रूप धारण कर समताप मंडल में सांद्रित होकर ओजोन परत का निर्माण किया7 ओजोन परत,पृथ्वी को पराबैंगनी (अल्ट्रावायलेट) किरणों से बचाने में एक छलनी समान,सुरक्षा कवच का काम करती है। ओजोन में ऑक्सीजन के तीन एटम बाउंड होते हैं। ओजोन एक रंग विहीन तथा तीखी गंध वाली गैस होती है। ओजोन परत पृथ्वी के ऊपर सोलह से पचास किलोमीटर (अर्थात 34 किलोमीटर मोती परत) ऊंचाई पर स्थित है। ओजोन का निर्माण सौर विकिरण द्वारा लगातार होता रहता है। जिसका स्तर 300 मिलियन टन प्रतिदिन है और इतनी ही मात्रा में यह प्राकृतिक रूप से नष्ट भी



होती रहती है। ओजोन परत के कारण समताप मंडल (स्ट्रैटोस्फियर) का तापमान ट्रोपोस्फियर (क्षोभ मंडल) की अपेक्षाकृत अत्यधिक होता है। ओजोन परत पराबैंगनी किरणों को शोषित करता है और विकिरण के हानिकारक प्रभाव से पृथ्वी के सम्पूर्ण जीवन की रक्षा करता है। पराबैंगनी किरणों के अवशोषण के कारण ओजोन परत समताप मंडल को गर्म करता है। ओजोन की मोटी परत (34 किलोमीटर) से पराबैंगनी किरणें छन कर ट्रोपोस्फियर (क्षोभ मंडल) में प्रवेश करती हैं। ओजोन परत सबस्क्रीन की भांति काम करती है और खतरनाक पराबैंगनी बी सौर तरंगों के बड़े भाग को क्षोभ मंडल में प्रवेश करने से रोकती है। पराबैंगनी बी का वह क्षीण प्रवाह जो भू सतह के वायुमंडल तक पंहुचता है - त्वचा कैंसर,मोतियाबिंद आदि बीमारियां फैलाता है। इस प्रकार हम कह सकते हैं यदि समताप मंडल में ओजोन का निर्माण न हुआ होता तो आधुनिक समय में जीवन स्वरूपों का उदभव शायद ही संभव होता। ओजोन की कमी से पराबैंगनी बी का क्षोभ मंडल में अत्यधिक मात्रा में होना मानव पर ही नहीं अपितु पेड़ -पौधों पर भी प्रभाव डालते हैं। पौधों में स्टोमेटा के द्वारा ओजोन प्रवेश कर जाती है। यह पत्तियों को हानि पंहुचाती है जिससे पौधों की उत्पादन क्षमता में कमी और उनकी गुणवत्ता घटती है। ओजोन में कमी का मुख्य कारक है ÷क्लोरीन गैस÷। क्लोरीन भारी होने के कारण स्ट्रैटोस्फियर की ऊंचाई तक नहीं पंहुच पाती जहां ओजोन परत विद्यमान है। घरेलु एवं सामूहिक रसायनों से उत्पन्न क्लोरीन गैस निचले वायुमंडल में विघटित हो वर्षा में बह जाती है। कई ऐसे स्थाई और हलके रसायन भी हैं जो वाष्पशील स्वभाव के होते हैं एवं विघटित होकर क्लोरीन का निर्माण करते हैं। इन्हे ओजोन डिप्लीटिंग सब्स्टेंस (ओ.डी.एस) कहते हैं। क्लोरो फ्लोरो कार्बन,कार्बन टेट्रा क्लोराइड आदि कुछ ऐसे ओजोन डिप्लीटिंग सब्स्टेंस हैं जिनमे क्लोरीन होती है। क्लोरो फ्लोरो कार्बन सर्वाधिक विनाशकारी सिद्ध हुई। एक क्लोरीन एटम लगभग 1,00,000 ओजोन मॉलिक्यूल्स को तोड़ कर वहां से हटा देता है। ग्रीन हाउस गैस के लगातार वृद्धि से भी ओजोन मात्रा घटती है। ग्रीन हाउस गैस प्रजनन के लिए उत्तरदायी स्रोत - लकड़ी के दहन से कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन,पशु,मानव-विष्ठा एवं जैव सड़ाव से मीथेन उत्सर्जन और हाइड्रोकार्बन एवं नाइट्रोजन के ऑक्साइड के प्रभाव में ट्रोपोस्फियर के भीतर मीथेन गैस का निर्माण। लम्बी तरंग धैर्य विकिरण का कुछ भाग वायुमंडल के ऊपरी ठन्डे भाग में उपस्थित ट्रेस गैसों द्वारा अवशोषित हो जाता है। इन्ही ट्रेस गैसों को ग्रीन हाउस गैस कहते हैं। पृथ्वी की प्राकृतिक जलवायु निरन्तर बदलती रही है। ग्रीन हाउस प्रभाव के द्वारा पृथ्वी की सतह गर्म हो रही है। ग्रीन हाउस प्रभाव - सूर्य की किरणें, कुछ गैसों और वायुमण्डल में उपस्थित कुछ कणों से मिलकर होने की जटिल प्रक्रिया है। कुछ सूर्य की ऊष्मा वायुमण्डल से परावर्तित होकर बाहर चली जाती हैं। लेकिन कुछ ग्रीन हाउस गैसों के द्वारा बनाई हुई परत के कारण बाहर नहीं जाती है। अतः पृथ्वी का निम्न वायुमंडल गर्म हो जाता है। ग्रीन हाउस प्रभाव एक प्राकृतिक प्रक्रिया है तथा यह जीवन को प्रभावित करती है। 16 सितंबर को मनाए जाने वाले इस वर्ष के विश्व ओजोन दिवस के उत्सव का विषय (थीम) ÷मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल - हमें, हमारे भोजन और टीकों को ठंडा रखना÷ है। इस वर्ष के विश्व ओजोन दिवस पर प्रकाश डाला जाना है, मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल बहुत कुछ करता है - जैसे कि जलवायु परिवर्तन को धीमा करना और शीतलन क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने में मदद करना, जो खाद्य सुरक्षा में योगदान देता है। प्रोटोकॉल को संयुक्त राष्ट्र के सभी 197 सदस्य देशों द्वारा सार्वभौमिक रूप से अनुमोदित किया गया है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 2019 के दौरान इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान (आई.सी.ए.पी) विकसित और लॉन्च किया,जो विश्व ओजोन दिवस 2021 की थीम के अनुरूप है।

## कैंची काटती है, सुई जोड़ती है

कैंची काटती (तोड़ती) है और सुई जोड़ती है। यही कारण है कि तोड़ने वाली कैंची पैर के नीचे पड़ी रहती है और जोड़ने वाली सुई सिर पर स्थान पाती है। इसलिए मनुष्य का यही धर्म है कि इनसान को जोड़े न कि तोड़े। उन्होंने सास-बहू में एका होने का आह्वान भी किया। राष्ट्र संत तरुण सागर महाराज ने कई उदाहरणों के माध्यम से अपनी बातें रखीं। एक पिता अपने छोटे से पुत्र को विश्व का एक नक्शा देता है। फिर उसे टुकड़े-टुकड़े कर पुत्र को जोड़ने के लिए कहता है। पुत्र उस नक्शे को ज्यों का त्यों जोड़ देता है। अपने बेटे की प्रतिभा से आश्चर्यचकित पिता पूछता है कि बेटे तुमने यह असंभव कार्य कैसे कर लिया। बेटा कहता है कि पिताजी, नक्शा के पीछे इनसान बना हुआ था। मैंने इनसान को जोड़ा तो नक्शा भी ज्यों का त्यों जुड़ गया। मुनिश्री ने कहा कि इनसान को जोड़ने से पूरा विश्व एक हो सकता है। हे मानव 36 का आँकड़ा बहुत बना लिए, अब 63 का आँकड़ा बनाइए। बुजुर्गों के अनुभव का बखान करते हुए मुनिश्री ने कहा कि बुजुर्ग की एक-एक झुर्री पर एक-एक शास्त्र का ज्ञान लिखा होता है। बुजुर्ग की अवहेलना मत करिए। वे जो कह रहे हैं, उसे सुनो। उल्टा जवाब मत दो। जवाब दोगे तो घर का माहौल खराब हो जाएगा। झगड़ा, क्लेश व द्वेष फैलेगा। बुजुर्गों का सम्मान करना सीखो। आज जो बुजुर्गों के साथ करोगे, वहीं तुम्हारे साथ होगा।

## एक ओर ऋपॉलिटिकल डॉक्यूमेंट्री एक मुख्यमंत्री क्या हटाया...? अन्य सभी भयभीत...!

**ओमप्रकाश मेहता**

जिस तरह आज से साढ़े सात साल पहले गुजरात के नरेन्द्र दामोदरदास मोदी ने पहली बार सांसद बनकर सीधे प्रधानमंत्री की कुर्सी पर कब्जा किया था, उसी तर्ज पर आज उन्होंने अपने गृह प्रदेश गुजरात में विधानसभा में 2017 में पहली बार चुनकर आए श्री भूपेन्द्र पटेल को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंप दी, वैसे गुजरात के लिए यह प्रयोग नया नहीं है, स्वयं मोदी जी भी 2002 में वरिष्ठतम नेता केशुभाई पटेल की जगह मुख्यमंत्री बनाए गए थे और आनंदीबेन पटेल व विजय रूपाणी भी उसी प्रयोग के शिकार हुए। किंतु यदि इस बदलाव पर गहराई से विचार किया जाये तो इसके देश की मौजूदा राजनीति व उसके कर्णधारों पर काफी गंभीर असर अभी से परिलक्षित हो रहा है, मोदी जी ने अपने ही गृह प्रदेश से अब यह संकेत दे दिया है कि अब देश के लिए अनुभवी नहीं, परिश्रमी नेता चाहिये। इसका सीधा-सीधा मतलब तो यही निकाला जा रहा है कि गुजरात में भी अनुभवी और तथा कथित वरिष्ठ भाजपा नेताओं की भी हालात अडवानी व डॉ. मुरली मनोहर जोशी जैसी ही होने वाली है, इसकी तस्वीर आगामी एक-दो दिन में जब भूपेन्द्र पटेल जी के मंत्री मंडल की शपथ होगी तब स्पष्ट नजर आ जाएगी।

यद्यपि यह भी सही है भारतीय जनता पार्टी ने पिछले छ्ह माह की ही अवधि में तीन राज्यों में चार मुख्यमंत्री बदले है, इसलिए एक-दो दिग्गजों को छोड़ किसी भी भाजपा मुख्यमंत्री को कुर्सी जाने का डर नहीं है, भयभीत सिर्फ वे ही है जो या तो एक दशक से भी ज्यादा समय से मुख्यमंत्री पद पर विराजित है या वे जिन्हें अपने आप पर सर्वाधिक भरोसा है और ऐसा सोचते है कि उनके प्रदेश में पार्टी उन्ही के दम पर चल रही है? ऐसे ही एक मुख्यमंत्री को लेकर कुछ ही महीनों पहले काफी जद्दों-जहद हो चुकी है। अब गुजरात में मोदी जी के दौरे के तत्काल बाद हुए इस अचानक परिवर्तन के बाद यह माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री बदलने में अब अगले क्रम पर उत्तरप्रदेश ही है, जहां विधानसभा चुनाव में कुछ ही महीनें शेष बचे है, उसके बाद कुछ



अन्य प्रदेशों का भी नम्बर लग सकता है?

वैसे गुजरात में किए गए इस आकस्मिक परिवर्तन को अगली राजनीतिक फिल्म की ÷डॉक्यूमंट्री÷ माना जा रहा है और जिस तरह अंग्रेजी में ÷चैरिटी बिगिन्स फ्रॉम होम÷ भी कहावत काफी प्रसिद्ध है, उसी तरह मोदी जी ने इस कहावत को राजनीति में चरितार्थ करने का प्रयोग किया है, अब इस 'डॉक्यूमेंट्री' के बाद पूरी फिल्म देखने को देश की जनता काफी उत्सुक है।

यद्यपि यह भी सही है कि विजय रूपाणी के मुख्यमंत्री बने रहने से गुजरात का मूल गुजराती पटेल वर्ग काफी नाराज था और वह सबसे अनुभवी पटेल नेता तत्कालीन उप-मुख्यमंत्री नितिन भाई पटेल को मुख्यंत्री की कुर्सी पर देखना चाहता था, किंतु मोदी जी ने जहां अपनपे प्रदेश के मूल गुजरातियों की भावना का आदर कर एक पटेल को मुख्यमंत्री बनवा दिया, वहीं प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के मुगालते भी दूर कर दिये और एक बार फिर बता दिया कि राजनीति में अनुभव से बड़ा परिश्रम, ईमानदारी और लोकप्रियता है, इसीलिए अब पहली बार विधायक बनकर आए भूपेन्द्र पटेल की कैबिनेट में कैसे चेहरे शामिल होते है? उसी पर सबकी निगाह रहेगी?

अब यह तो भारतीय राजनीति की परम्परा रही है कि यहां विदाई लेने वाले राजनेता के कार्यकाल की अच्छाईयां कम, उसकी बुराईयां ज्यादा याद रखी जाती है, यही विजय भाई रूपाणी के साथ भी होना है, जिन पर कई तरह के आरोप लगाए जा सकते है, जैसे अपेक्षानुसार प्रदेश का विकास नहीं, सबको साथ लेकर नहीं चले, पार्टी से अपने आपको बड़ा समझने लगे.... आदि.... आदि.... यह तो होगा ही.... किंतु अन्य इतिहासों की तरह राजनीति में भी इतिहास को भूलने की प्रक्रिया तेजी से होती है, इसलिए लोग विजय भाई को भी भुला देगें, किंतु चूंकि देश पर मौजूदा काल में गुजराती ही राज कर रहा है इसलिए उस पर इतनी चर्चा जरूरी थी.... किंतु अब अन्य भाजपाई मुख्यमंत्रियों को सावधान अवश्य हो जाना चाहिए।

## कीटाणु भी होते लाभकारी बच्चों के लिए

### सूडोकु नवताल- 5834

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5833 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

हर माता -पिता अपने बच्चे को बीमार होने से बचाना चाहते हैं। इसलिए वे घर को बैक्टीरिया फ्री रखते हैं, बच्चों को हैंड सैनेटाइजर यूज करना सिखाते हैं और एंटीबैक्टीरियल साबुन तक का इस्तेमाल करते हैं। वैसे तो कीटाणु एक ऐसे सूक्ष्म जीव हैं, जो हर चीज में पाए जाते हैं। इनमें से कुछ हमारे लिए फायदेमंद होते हैं, तो कुछ हानिकारक भी। लेकिन जब बात बच्चों के स्वास्थ्य की हो, तो बच्चों को कीटाणुओं से कोई खतरा नहीं होता।

हाल ही में हुई एक रिसर्च के मुताबिक कीटाणु वास्तव में बच्चों के लिए अच्छे होते हैं। बहुत ज्यादा साफ सफाई और हैंड सैनेटाइजर के चलते अब बच्चे कम बीमार पड़ते हैं। आखिर कीटाणु बच्चों के लिए क्यों अच्छे साबित होते हैं।

कीटाणु इम्यून सिस्टम को मजबूत करते हैं

एक बच्चे को कीटाणुओं के संपर्क में लाने से उसका इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। इन दिनों सैनेटाइजर, कीटाणुओं से लडने् वाले साबुन जैसी चीजें घरों में होना आम हो गई हैं। इसलिए बैक्टीरिया का खतरा पहले से कम हो गया है।

जब शरीर रोगाणुओं के संपर्क में आता है, तो प्रतिरक्षा प्रणाली अपने कार्य को नियंत्रित कर सकती है। इसका मतलब है कि जितने ज्यादा रोगाणु पाए जाते हैं, जन्म के समय आंत के बैक्टीरिया प्रदान किए जाने के साथ रोगाणुओं के दैनिक सपंर्क में



प्रतिरक्षा प्रणाली उतनी मजबूत होती है।

एलर्जी की संभावना कम होती है

कीटाणुओं के संपर्क में आने से बच्चों को कम एलर्जी विकसित करने में मदद मिलती है। जो बच्चे एंटीबैक्टीरियल साबुन का इस्तेमाल करते हैं, उसमें ट्राइक्लोसन नाम का घटक पाया जाता है, जो आसानी से मानव त्वचा में अवशोषित हो जाता है।

इसका केंद्रीय तंत्रिका तंत्र पर हानिकारक प्रभाव पाया गया है। इसलिए अगर बच्चे बाहर खेलने के बाद हाथ धोते हैं, तो ऐसे साबुन का इस्तेमाल चाहिए, जिस पर एंटीबैक्टीरियल का लेबल न लगा हो। यह उसके संपर्क में आने वाले कीटाणुओं को खत्म करने की कोशिश करता है।

अस्थमा का खतरा कम करे

कीटाणुओं के संपर्क में आने वाले बच्चों में अस्थमा विकसित होने की संभावना न के बराबर होती है। ऐसा माइक्रोबायोम के कारण होता है। जिन बच्चों में जन्म से बैक्टीरिया के संपर्क में आने के लिए ज्यादा माइक्रोबायोम होता है, वे कम बीमार पड़ते हैं और सांस से जुड़ी समस्याएं भी बहुत कम देखने को मिलती हैं।

इसलिए जो बच्चे ज्यादातर कीटाणुओं के संपर्क में रहते हैं, उन्हें अस्थमा होने का खतरा भी बहुत कम हो जाता है।

नहीं होगी एक्जिमा की समस्या

जब बच्चा कीटाणुओं के संपर्क में आता है, तो बुमश्किल ही एक्जिमा होने की संभावना बनती है। दरअसल, एक्जिमा का सीधा संबंध कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली से है।

यह तब होता है, जब माइक्रोबायोम की कमी होती है। अच्छे और बुरे बैक्टीरिया को शरीर से जितना दूर रखा जाएगा , किसी भी रोगाणु के संपर्क में आने पर प्रतिरक्षा प्रणाली उतनी कम सक्षम होगी।

कीटाणु प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करते हैं

माना जाता है कि कीटाणु प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करते हैं, लेकिन बच्चों के कीटाणुओं के संपर्क में नहीं आने से उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली संवेदनशील हो सकती है।

हाइपर सेंसिटिव इम्यून सिस्टम प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया से जुड़ा है। विशेषज्ञों के अनुसार, हाइपर सेंसिटिव इम्यून सिस्टम विकसित करने के लिए बच्चों को कीटाणुओं से भरपूर वातावरण के संपर्क में आने की जरूरत है।

## अमीरी और गरीबी की खाई

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

भारत में अमीरों और गरीबों के बीच की खाई आजकल पहले से भी अधिक गहरी होती जा रही है। ऐसा नहीं है कि भारत की समृद्धि बढ़ नहीं रही है। समृद्धि तो बढ़ रही है लेकिन उसके साथ-साथ आर्थिक विषमता भी बढ़ रही है। अभी एक जो ताजा सरकारी सर्वेक्षण हुआ है, उसका कहना है कि देश के 10 प्रतिशत मालदार लोग देश की 50 प्रतिशत संपदा के मालिक हैं और 50 प्रतिशत लोग ऐसे हैं, जिनके पास 10 प्रतिशत संपदा भी नहीं है। दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में यह असमानता और भी भारी है। यदि अपने गांवों में यह असमानता हम देखने जाएं तो हमारा माथा शर्म से झुक जाएगा। वहाँ ऊपर के 10 प्रतिशत लोग गांव की 80 प्रतिशत संपदा के मालिक होते हैं जबकि निचले 50 प्रतिशत लोगों के पास सिर्फ 2.1 प्रतिशत संपदा होती है। हमारे देश में गरीबी की रेखा के नीचे वे लोग माने जाते हैं, जिनकी आमदनी 150 रु. रोज़ से कम है। ऐसे लोगों की संख्या सरकार कहती है कि 80 करोड़ है लेकिन इन 80 करोड़ लोगों को डेढ़ सौ रु. पूरे साल भर रोज मिलता ही रहेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। कौन हैं, ये लोग? ये हैं- खेतिहर मजदूर, गरीब किसान, आदिवासी, पिछड़े, मेहनतकश मजदूर, ग्रामीण और अनपढ़ लोग! इनकी जिंदगी में अंधेरा ही अंधेरा है। इन्हें सरकार मनरेगा के तहत रोजगार देने का वायदा करती है लेकिन अफसर बीच में ही पैसा हजम कर जाते हैं। ये किसके पास जाकर शिकायत करें? इनके पास अपनी आवाज बुलंद करने का कोई जरिया नहीं है। गांवों की जिंदगी से तंग आकर ये बड़े शहरों में शरण ले लेते हैं। शहरों में इन्हें कौनसा काम मिलता है? चौकीदार, सफाई कर्मचारी, घरेलू नौकर, कारखाना मजदूर, ट्रक और मोटर चालक आदि के ऐसे काम मिलते हैं, जिनमें जानवरों की तरह लगे रहना पड़ता है। गंदी बस्तियों में झोपड़े बनाकर इन्हें रहना पड़ता है। इनके बच्चे पाठशालाओं में जाने की बजाय या तो सड़कों पर भीख मांगते हैं या घरेलू नौकरों की तरह काम करते हैं। देश के इन लगभग 100 करोड़ लोगों को 2000 केलोरी का भोजन भी नहीं मिल पाता है। कई परिवारों को तो भूखे पेट ही सोना पड़ता है। जिनके पास पेट भरने के लिए पैसे नहीं हैं, वे बीमार पड़ने पर अपना इलाज कैसे करवा सकते हैं? ये गरीब लोग पैदाइशी तौर पर कमजोर होते हैं। बीमार पड़ने पर ये जल्दी ही मौत के शिकार हो जाते हैं। कोरोना की महामारी ने सबको प्रभावित किया है लेकिन देश के गरीबों की दुर्गति बहुत ज्यादा हुई है। अचानक तालाबंदी घोषित करने से करोड़ों लोग बेरोजगार हो गए और गांवों की तरफ मची भगदड़ में सैकड़ों लोग हताहत भी हुए।

# साजिद नाडियाडवाला ने कार्तिक की फिल्म में श्रद्धा की जगह कियारा आडवाणी को चुना?



कार्तिक आर्यन मौजूदा दौर के बॉलीवुड के सबसे व्यस्त अभिनेताओं में शुमार किए जाते हैं। हाल में खबरें सामने आई थीं कि श्रद्धा कपूर निर्देशक समीर विद्वांस की अगली फिल्म में पहली बार कार्तिक आर्यन के साथ काम करेंगी। इसके बाद पता चला था कि फिल्म में श्रद्धा की जगह कियारा आडवाणी को शामिल किया गया है। आइए आपको बताते हैं कि आखिर फिल्म में श्रद्धा की जगह अभिनेत्री कियारा को क्यों चुना गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, श्रद्धा द्वारा इस फिल्म के लिए भारी-भरकम फीस मांगी गई, जिसके बाद मेकर्स ने उन्हें कियारा के साथ रिप्लेस कर दिया। एक सूत्र ने कहा, साजिद फिल्म में कार्तिक के साथ श्रद्धा को लेने के लिए बहुत उत्सुक थे, क्योंकि इससे एक नई जोड़ी को पेश किया जाता। हालांकि, उन्हें आश्चर्य तब हुआ जब श्रद्धा ने इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए मेकर्स से 10 करोड़ रुपये की फीस मांगी।

सूत्र ने बताया कि साजिद अपनी फिल्मों के कलाकारों से फीस से संबंधित कोई मोलभाव नहीं करते हैं। कहा जाता है कि श्रद्धा की डिमांड सुनकर साजिद हैरान हो गए थे। सूत्र का कहना है कि इससे पहले श्रद्धा ने साजिद की फिल्म बागी 3 के लिए 4 करोड़ रुपये की मामूली फीस पर काम किया था। श्रद्धा के ज्यादा फीस मांगने की वजह यह थी कि वह चालबाज इन लंदन और नागिन में फीमेल लीड किरदार निभा रही हैं।

खबरों की मानें तो साजिद को लगा कि श्रद्धा को इतनी फीस देने पर उनकी फिल्म का बजट बिगड़ जाएगा। इस संबंध में एक सूत्र ने कहा, साजिद ने श्रद्धा को 7.5 करोड़ रुपये का फाइनल ऑफर दिया लेकिन श्रद्धा और उनकी टीम 10 करोड़ रुपये की राशि पर ही टिकी रही। इसलिए साजिद ने श्रद्धा को कास्ट करने का विचार छोड़ दिया और कियारा को साइन किया। उन्हें साजिद ने करीब 3.5 करोड़ रुपये में साइन किया है।

फिल्म का शीर्षक सत्यनारायण की कथा रखा गया था। हालांकि, फिल्म के टाइटल को लेकर हुए विवाद के कारण मेकर्स जल्द ही फिल्म के नए नाम की घोषणा कर सकते हैं। फिल्म की शूटिंग इस साल दिसंबर में शुरू होने की संभावना है। सूत्र ने बताया कि फिल्म में कार्तिक सत्या और कियारा कथा नामक कैरेक्टर को अदा करेंगी। यह फिल्म सत्या और कथा नामक कैरेक्टर की प्रेम कहानी होगी। समीर फिल्म से डायरेक्टोरियल डेब्यू करेंगे।

कार्तिक संजय लीला भंसाली की हीरा मंडी में नजर आ सकते हैं। वह अपनी फिल्म धमाका को लेकर सुर्खियों में हैं। वह लक्ष्मण उतेकर की लुका छुपी 2 में भी अभियन करते हुए नजर आएंगे। कियारा हाल ही में फिल्म शेरशाह में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आई हैं। वह फिल्म जुग जुग जियो में भी दिखेंगी। श्रद्धा इस साल अपनी फिल्म स्त्री 2 में नजर आ सकती हैं। फिल्म में उनके साथ राजकुमार राव दिखेंगे।

## त्वचा पर लग गया है स्प्रे पेंट तो इन तरीकों से आसानी से छुटकारा पाएं



घर की दीवारों पर स्प्रे पेंट से डिजाइन बनाते समय या फिर छोटी-छोटी चीजों को रंगने के लिए लगाया जाने वाला स्प्रे पेंट त्वचा पर लग ही जाता है, जिसे साफ करने में काफी परेशानी होती है। कई बार तो इससे त्वचा पर जलन जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप त्वचा पर लगे स्प्रे पेंट को बेहद आसानी से छुटा सकते हैं।

### नेल पेंट रिमूवर का करें इस्तेमाल

अगर आपकी त्वचा पर किसी भी कारणवश स्प्रे पेंट लग गया है तो आप उसे नेल पेंट रिमूवर का इस्तेमाल करके आसानी से साफ कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले थोड़ी सी रूई को नेल पेंट रिमूवर से भिगोएं, फिर उसे स्प्रे पेंट के दाग से प्रभावित त्वचा पर हल्के हाथों से रगड़े। इसके बाद अपनी त्वचा को साफ पानी से धो लें। ऐसा करने से स्प्रे पेंट का दाग आसानी से आपकी त्वचा से निकल जाएगा।

### जैतून का तेल या बेबी ऑयल आएगा काम

जब भी आप स्प्रे पेंट का इस्तेमाल करें तो इससे पहले त्वचा की उन जगहों पर जैतून का तेल या फिर बेबी ऑयल लगा लें, जहां पेंट लग सकता है क्योंकि ये चीजें त्वचा पर एक सुरक्षित परत बनाकर इसे स्प्रे पेंट के नकारात्मक प्रभाव से बचा सकती हैं। जब भी आप स्प्रे पेंट का इस्तेमाल करें तो इससे पहले एक कॉटन पैड पर थोड़ा सा जैतून का तेल या बेबी ऑयल लगाकर इससे त्वचा पर हल्के हाथों से रगड़ें।

### पेट्रोलियम जेली भी है कारगर

अगर आपसे अनजाने में अपनी त्वचा पर स्प्रे पेंट लग गया है तो इसे साफ करने के लिए आप पेट्रोलियम जेली का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसके लिए थोड़ी सी पैट्रोलियम जेली को कॉटन पैड पर लगाएं और फिर इसे त्वचा के उस हिस्से पर हल्के हाथों से रगड़े जहां स्प्रे पेंट लगा है। हो सकता है कि आपको इससे तुरंत फायदा न हो, लेकिन अगर आप बार-बार ऐसा करते हैं।

# मैं पूरे होशोहवास में थी और पेमैंट भी मिली: गहना वशिष्ठ



पिछले कुछ महीनों से पॉर्न केस में फंसी ऐक्ट्रेस गहना वशिष्ठ लगातार सोशल मीडिया पर अपनी हॉट तस्वीरें शेयर कर रही हैं। हाल में गहना ने अपनी कुछ टॉपलेस तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं तो एक बार फिर लोग उनके साथ ही शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को भी ट्रोल करने लगे। अब गहना वशिष्ठ ने फिर से अपनी टॉपलेस तस्वीरें शेयर करते हुए राज कुंद्रा का बचाव किया है।

दरअसल जिस पॉर्न केस की जांच में गहना वशिष्ठ फंसी हुई हैं उसी केस में राज कुंद्रा इस समय जेल में हैं। जब गहना ने अपनी बिना कपड़ों वाली तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की तो लोग राज कुंद्रा का नाम लेकर उन्हें चिढ़ाने लगे। एक यूजर ने गहना के फोटो पर कॉमेंट करते हुए लिखा, 'राज कुंद्रा की शूटिंग चल रही है क्या?'

गहना वशिष्ठ ने अपनी इन बोल्ड तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, 'जब इस तरह की तस्वीरों की शूटिंग हयात रीजेंसी में हुई तब हम लगभग वहां 20 लोग ते कोई यौन शोषण नहीं हुआ न तो मैंने शराब पी थी और न ही मैंने कोई जूस पिया और मैं पूरे होशोहवास में थी मैं एक ऑटो से सेट्स पर गई और दूसरे ऑटो से सुरक्षित वापस आ गई मुझे इसका पेमेंट भी मिला सबसे जरूरी बात कि मैं 18 साल से ऊपर की हूं और एक आर्टिस्ट हूं।' गहना ने इसके बाद एक बार फिर अपनी बिना कपड़ों वाली तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, 'इन सभी पिक्स का राज से कुछ लेना देना नहीं है तो कोई किसी को ट्रोल ना करे। अगर आपको पिक्स नहीं पसंद हैं तो डायरेक्टर डिसलाइनक कर दो। अगर पसंद आएं तो लाइक करो लेकिन किसी को ट्रोल मत करो जिसका इस शूट से कोई संबंध नहीं है।' फरवरी महीने में कुछ मॉडल्स ने मुंबई पुलिस में गहना वशिष्ठ व अन्य पर आरोप लगाते हुए कहा था कि उन्होंने जबरन पॉर्न और अश्लील फिल्में शूट करवाई थीं।

# नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म नो लैंड्स मैन का दमदार फर्स्ट् लुक हुआ रिलीज



बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी इन दिनों खूब चर्चा में चल रहे हैं. एक्टर लगातार अपनी आगामी फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं. जहां अब उनकी फिल्म नो लैंड्स मैन फर्स्ट् लुक रिलीज कर दिया गया है. इस फिल्म के फर्स्ट् लुक को देखने के बाद जो पहला शब्द हमारे दिमाग में आता है वो है पेचीदा. अपने दमदार अभिनय से अपनी अदाकारी का लोहा मनवा चुके एक्टर ने अब नो लैंड्स मैन के साथ अंग्रेजी फीचर फिल्मों में कदम रख रहे है. इस लुक में एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी बेहद अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं. जहां उनके तीव्र और गंभीर अवतार ने सभी ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है. इस लुक में एक्टर सीधे कैमरे में देखते हुए नजर आते है, जैसे कि वह अपनी आंखों से हममें गहराई से निहार रहे हो. नवाज अब सोशल मीडिया की ताकत को पूरी तरह से समझ चुके हैं. जिस वजह से उन्होंने दर्शकों के बीच इस फिल्म के किसी ट्रेलर, टीजर को नहीं महज एक लुक को साझा किया है जो उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है. इस तस्वीर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए एक्टर ने लिखा क्या कोई इस लड़के के बारे में जानता है? मैं उसे ढूंढ रहा हूं. मैं उसके बारे में ज्यादा नहीं जानता, सिवाय इसके कि वह फिल्म नो लैंड्स मैन से नवीन है, जिसे प्रतिष्ठित में किम जिसियोक अवार्ड के लिए नॉमिनेट किया गया है और यह फर्स्ट् लुक है! हां! एक्टर का ऐसा अंदाज पहले किसी फिल्म के लिए नहीं देखा गया था. जिस वजह से नवाज के फैंस उनकी इस फिल्म को देखने के लिए काफी उत्साहित हैं. प्रख्यात फिल्म निर्माता मुस्तोफा सरवर फारूकी द्वारा निर्देशित, फिल्म को पहले ही किम जिसियोक पुरस्कार के लिए बुसान फिल्म महोत्सव से नामांकन मिल चुका है. मुस्तोफा सरवर फारूकी द्वारा लिखित और निर्देशित, फिल्म में श्रीहरि साठे, नुसरत इमरोज तिशा, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, अंजन चौधरी और फरीदुर रजा सागर द्वारा समर्थित है।

## 'रावण लीला' में दिखा प्रतीक गांधी का रोमांटिक अंदाज



वेबसीरीज स्कैम से फैंस के बीच छा जाने वाले एक्टर प्रतीक गांधी एक बार फिर से चाहने वालों के बीच धमाल करने वाले हैं. स्कैम के लिए प्रतीक को काफी वाहवाही मिली थी. ऐसे में अब एक्टर फिल्म रावण लीला (भावई) के जरिए फैंस से रूबरू होने वाले हैं. फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज हो गया है. ट्रेलर आते ही फैंस के बीच छा गया है. प्रतीक की इस फिल्म की चर्चा एक लंबे समय से हो रही थी. यही कारण है कि उनके फैंस भी रावण लीला का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. आपको बता दें कि रावण लीला के ट्रेलर को पेन इंडिया ने अपने आधिकारिक यूट्यूब अकाउंट पर साझा किया है. इस फिल्म में प्रतीक गांधी के साथ अभिनेत्री ऐंद्रिता रे, अंकुर भाटिया, अभिमन्यु सिंह, राजेश शर्मा, अंकुर विकल, राजेंद्र गुप्ता, गोपाल सिंह, फ्लोरा सैनी, अनिल रस्तोगी, कृष्णा बिष्ट जैसे कई कलाकार दिखाई देने वाले हैं. ट्रेलर से साफ हो रहा है कि प्रतीक गांधी का इसमें रोमांटिक अंदाज दिखने वाला है, जो फैंस के बीच धमाल करेगा. फिल्म रावण लीला के ट्रेलर के ट्रेलर से साफ लग रहा है कि ये मूवी एक अलग तरह की प्रेम कहानी की बयां करने वाली है. ट्रेलर से फिल्म की कहानी साफ हो रही है कि ये गुजरात पर केंद्रित है, इसमें रावण के रोल में नजर आने वाले प्रतीक और सीता का पात्र निभाने वाली ऐंद्रिता बीच रियल लाइफ में रोमांस दिखाया है जिसका गांव वाले विरोध करते हैं।

# आज किसी पहचान के मोहताज नहीं वेधिका कुमार



इमरान हाशमी के साथ फिल्म द बॉडी से बॉलीवुड में कदम रखने वाली अभिनेत्री वेधिका कुमार आज किसी पहचान के मोहताज नहीं है। बता दें कि वह हमेशा अपनी खूबसूरत तस्वीरों को लेकर इंटरनेट पर छाई रहती है कई बार अपनी बोल्ड तस्वीरों से वह इंटरनेट पर तहलका मचा चुकी है। हाल ही में उन्होंने कुछ तस्वीरें पोस्ट की है जिसमें वह समंदर किनारे बैकलेस अवतार दिखाते हुए नजर आ रही है और वह काफी हॉट लग रही है जो कि आप इन तस्वीरों में देखकर अंदाजा लगा सकते हो । आपको बता दें कि यह अभिनेत्री तमिल और तेलुगू भाषाओं की फिल्मों में ज्यादा काम करती है और उनको ज्यादा बॉलीवुड में काम नहीं मिल रहा है। विदिका का जन्म महाराष्ट्र की एक कन्नड़ फैमिली में हुआ। विदका ने किशोर नमित कपूर स्कूल से ऐक्टिंग की ट्रेनिंग ली है। फिल्मों में आने से पहले वेदिका मॉडलिंग में ऐक्टिव रही हैं। वेदिका ने तमिल फिल्म मद्रासी से फिल्मों में डेब्यू किया था। वेदिका कुमार ने तमिल के अलावा मलयालम, कन्नड़ और तेलुगू फिल्मों में भी काम किया है। वेदिका ने अब तक लगभग 20 फिल्मों में काम किया है और द बॉडी उनकी पहली फिल्म है। वेदिका को फिल्म इंडस्ट्री में अपने बेहतरीन लुक के लिए जाना जाता है। वेदिका केवल वेस्टर्न ड्रेसेज में ही नहीं बल्कि भारतीय परिधानों में भी अच्छी लगती हैं। वेदिका सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। वेदिका अपनी दिलकश तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। वेदिका तमिल के अलावा कन्नड़, मलयालम, तेलुगू, हिंदी और अंग्रेजी बोल सकती हैं। वेदिका को फिल्मों में अपनी परफॉर्मेंस के लिए कई अवॉर्ड्स मिल चुके हैं।

# टॉयलेट के ब्रश को साफ और सैनिटाइज करने के लिए अपनाएं यह तरीका



जितना जरूरी टॉयलेट सीट को साफ करना है, उतना ही जरूरी इसे साफ करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला ब्रश को साफ रखना है। जाहिर सी बात है कि अगर आप टॉयलेट सीट साफ करने के लिए गंदे ब्रश का इस्तेमाल करते हैं तो इससे टॉयलेट साफ नहीं होगा और उस पर कीटाणुओं के पनपने का खतरा कई गुना बढ़ जाएगा। आइए जानते हैं कि टॉयलेट ब्रश को कैसे साफ और सैनिटाइल किया जा सकता है।

**टॉयलेट ब्रश के निचले हिस्से को इस तरह करें साफ:** टॉयलेट के निचले हिस्से को साफ करने के लिए पहले एक छोटी बाल्टी या फिर टब को पानी से भरें। इसके बाद इसमें दो बड़ी चम्मच सफेद सिरका और एक बड़ी चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं। अब इस मिश्रण में लगभग एक घंटे के लिए टॉयलेट ब्रश को भिगोकर छोड़ दें। अंत में ब्रश को साफ पानी से धोकर ब्रश को सुखाने के लिए कहीं टांग दें। ऐसा करने से टॉयलेट ब्रश में फंसी सारी गंदगी अपने आप ही निकल जाएगी।

**ब्रश हैंडल: टॉयलेट ब्रश के हैंडल को साफ करने का तरीका:** टॉयलेट ब्रश के हैंडल की सफाई के लिए पहले एक कप पानी में एक बड़ी चम्मच ब्लीचिंग पाउडर और दो बड़ी चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं। अब इस मिश्रण को टॉयलेट ब्रश के हैंडल पर लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। इसके बाद आप गर्म पानी से हैंडल को साफ करें। ऐसा करने से हैंडल अच्छे से साफ हो जाएगा। हालांकि, ध्यान रखें कि पानी ज्यादा गर्म न हो क्योंकि इससे आपका हाथ जल सकता है।

**सैनिटाइज: टॉयलेट ब्रश को ऐसे करें सैनिटाइज:** जब आप टॉयलेट ब्रश को अच्छी तरह से साफ कर लें तो इसके बाद ब्रश को सैनिटाइज यानि कीटाणुमुक्त भी जरूर करें। इसके लिए एक बाल्टी को हल्के गर्म पानी से भरें, फिर उसमें आधा कप डिटॉल या फिर कोई अन्य डिसइंफेक्टेड सॉल्यूशन मिलाएं। अब 15 से 20 मिनट तक के लिए टॉयलेट ब्रश को इस पानी में भिगोकर छोड़ दें। इसके बाद आप टॉयलेट ब्रश को सुखाने के लिए कहीं टांग दें।

**महत्वपूर्ण टिप्स- इन बातों पर भी दें खास ध्यान:** बाथरूम में कभी भी गीला टॉयलेट ब्रश न रखें क्योंकि उसमें कीटाणु पनपने लगेंगे, जो बाथरूम को शरीर के लिए खतरा बना सकते हैं। गंदे टॉयलेट ब्रश से टॉयलेट सीट को कभी साफ न करें। ऐसा करने पर बेशक टॉयलेट सीट पर लगे दाग-धब्बे छूट जाएं लेकिन गंदा टॉयलेट ब्रश सीट के कीटाणु नष्ट नहीं कर पाता है। इसके अलावा, टॉयलेट ब्रश को हर तीन महीने बाद जरूर बदल दें।

## ऋचा चड्ढा के फैंस के लिए खुशखबरी, पहली बार एक्ट्रेस निभाएंगी ये दमदार रोल



बॉलीवुड एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा एक लंबे समय से अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा रही हैं. ऋचा ने अपने अब तक के करियर में एक से एक नायाब फिल्मों में काम भी किया है. ऋचा एक ऐसी एक्ट्रेस हैं जो अपनी एक्टिंग के दम पर फैंस के दिलों में राज करती हैं.अब ऋचा जल्द ही एक नई वेबसीरीज में नजर आने वाली हैं. ऋचा एक बार फिर से फैंस के सामने एक नए रोल के जरिए रूबरू होने को तैयार हैं. आपको बता दें कि एक्ट्रेस अब पुलिस वाले किरदार फैंस को खुद का दीवाना करने वाली हैं. एक्ट्रेस इस सीरीज की शूटिंग शुरू हो गई है. आपको बता दें कि ऋचा चड्ढा वूट सेलेक्ट की ओरिजिनल वेब सीरीज़ कैंडी में दिखाई देंगी, जहाँ वह पहली बार एक पुलिस वाले का किरदार करेंगी. फिल्म में रोनित रॉय भी मुख्य भूमिका में होंगे और आशीष शुक्ला द्वारा निर्देर्शित है. ऋचा को पर्दे पर निडर भूमिकाएं निभाने के लिए जाना जाता है और वह हमेशा मजबूत और महत्वपूर्ण किरदारों के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराती हैं. सीरीज में रोमांच और रहस्य का मिश्रण है जहां ऋचा एक छोटे से पहाड़ी शहर के एक स्कूल में भयावह हत्याओं की जांच करती नजर आएंगी. ऋचा का मानना है कि किसी भी अभिनेता के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने कम्फर्ट ज़ोन से बाहर निकलकर और जटिल भूमिका निभाते हुए अपने क्षितिज का विस्तार करे और केवल ब्लैक एंड वाइट न हो।

# कुपोषण से बचाने एवं पोषणयुक्त आहार की जानकारी देने मनाया गया राष्ट्रीय पोषण माह



रितेश कटरे ब्यूरो चीफ
पुष्पांजली टुडे

**बालाघाट ।** पुरक पोषण माह का आयोजन 8 मार्च, 2018 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समग्र पोषण अभियान के लिए प्रधानमंत्री की व्यापक योजना की शुरुआत की, जिसे राष्ट्रीय पोषण मिशन के रूप में भी जाना जाता है। सितंबर को पोषण माह के रूप में मनाया जाता है।

इसी परिप्रेक्ष्य में पोषण माह के तहत जिले की लांजी तहसील अंतर्गत दिघोरी सेक्टर के अधिनस्थ आने वाली सभी 26 आंगनवाड़ी केन्द्रों के द्वारा ग्राम पंचायत कलपाथरी में पोषण के महत्व पर जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर सरस्वती वंदना के साथ की गई, तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन कलपाथरी आंगनवाड़ी की कार्यकर्ता श्रीमती प्रभा रमेश बिसेन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती रेखा सोनवाने के द्वारा उपस्थित किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषण संबंधी जानकारी दी गई।

**पोषण सामग्रियों से सजाया डायनिंग काउंटर:** पुरक पोषण महिना के अंतर्गत द्वितीय सप्ताह की थीम पोषण के लिए योग तथा आयुष का उपयोग के आधार पर पोषणयुक्त आहार सामग्रियों को डायनिंग काउंटर पर सजाया गया, जिसे उपस्थित किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को पोषणयुक्त आहार सामग्रीयां को दिखाकर उनके पोषण और विटामिन की जानकारी दी गई।

**इनकी रही गरिमामई उपस्थिति:** कुपोषण छोड़ पोषण की ओर- थामें क्षेत्रीय भोजन की डोर के तहत आयोजित पुरक पोषण महिना अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में बतौर अतिथि महिला एवं बाल विकास विभाग लांजी अंतर्गत दिघोरी सेक्टर सुपरवाइजर रेखा सोनवाने, जागृति एड़े जनपद पंचायत सदस्य, मीरा मेघराज ऐड़े ग्राम प्रधान पाथरगांव, डिलेश्वरी चौके ग्राम प्रधान कलपाथरी, शंकरलाल सुलाखे सचिव, बसंत एड़े जीआरएस, फलेन्द्र बिसेन, आंचल रहांगडाले, महिमा बिसेन के मुख्यातिथि में तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती प्रभा बिसेन, गीता सरवरे कलपाथरी, निलावंती कटरे, पुस्तकला सोरकुड़े, अंजु रणदिवे पाथरगांव, सोमबती नगपुरे, अनिता बनोठे दिघोरी, वर्षा भालाधरे सिहारी, बसनमाला बोरकर पोंडी, दीपीका बोरकर बिंझलगांव, मिनाक्षी मिश्रा, शांति भल्ले कुम्हारीखुर्द, सरस्वता मेश्राम, सुरेखा सुखदेवे सिरेगांव एवं आंगनवाड़ी की सहायिकाओं में श्रीमती शितकन पटले,ममता भालाधारे, अनिता बारमाटे, ज्योति मेश्राम, सुनिता वरकड़े एवं किशोरी बालिकाएं, गर्भवती और धात्री महिलाएं उपस्थित रहे।

## वन-टू-वन

### समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने किया विभिन्न मंदिरों में दर्शन व परिक्रमा





ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

दतिया सेवड़ा के वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने बुढ़वा मंगल के अवसर पर जिले के प्रमुख मंदिरों पर दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया इसी क्रम में सेंवढ़ा संकट मोचन हनुमान मंदिर सेंवढ़ा पहुंच कर हनुमानजी के दर्शन किये व पुजारी जगदीश प्रसाद दांतरे से भेंट की उसके बाद मां शीतला मंदिर इंदरगढ़ में दर्शन मां का आशीर्वाद लिया और पुजारी अंशुल दांतरे से मुलाकात की मां पीताम्बरा पीठ के दर्शन व परिक्रमा कर आशीर्वाद प्राप्त किया व फल वितरण किये इस अवसर समाजसेवी श्यामू ठाकुर के साथ ,निर्भय सविता ,हरिसिंह कुशवाह नितिन दांतरे ब्यूरो चीफ दतिया आदि साथ रहे

### एटीएम होल्ड कर हेराफेरी करने बाला आरोपी लहार पुलिस ने दबोचा

**थाना प्रभारी लहार कुशल सिंह भदौरिया की धमाकेदार कार्यबाही**

**लहार(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

लहार थाना क्षेत्र में लगे नगर में एटीएमो से कुछ दिनों से फ्रॉड की शिकायतें आ रहे थी जिसके चलते थाना प्रभारी कुशल सिंह भदौरिया द्वारा नगर में संचालित सभी एटीएम गार्डों की बैठक ली और एटीएम से पैसा निकालने बालो पर नजर रखने के लिए बोला गया एवम अपने थाने की एक टीम बनाकर ऐसे लोगो पर नजर रखने की हिदायत दी तो पुलिस की मुस्तैदी के चलते लगातार निगाह बनाई गई और तिवारी एटीएम पर फ्रॉड करने बाले को गार्ड की सूचना पर दबोच लिया गया जिसे थाने लाया गया और आरोपी राकेश पाल से कड़ाई से पूंछतांछ की तो उसने एटीएम से दो बार होल्ड कर 20000 हजार रुपये निकालने की बात स्वीकार की जिस पर आरोपी पर लहार थाने के अपराध क्र.376/21 धारा 420 के तहत प्रकरण कायम कर न्यायालय में पेश किया गया।

**सुनिये क्या बोले अधिकारी**

हेराफेरी करने बालों की लगातार मोनिटरिंग की जा रही थी जिसके चलते एक आरोपी को पकड़ने में सफलता हांसिल की है आगे भी ऐसी कार्यबाहीयां जारी रहेगीं ।

**कुशल सिंह भदौरिया**
**थाना प्रभारी लहार**

### ट्रैफिक सिग्नल पर अचानक युवती करने लगी डांस, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, गृहमंत्री ने कहा- होगी कार्रवाई




**इंदौर(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

इंदौर में ट्रैफिक सिग्नल पर डांस करने वाली युवती पर कार्रवाई होगी। बीच सिग्नल पर डांस करने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने संज्ञान लिया। गृहमंत्री ने कहा कि उनका भाव जो भी हो, लेकिन तरीका गलत है। युवती पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी। यह परंपरा आगे न बढ़े और ज्यादा विकसित न हो। आपको बता दें इंदौर के रसोमा चौराहे पर युवती का फ्लैश मॉब करते हुए वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। डांस करने वाली युवती का नाम श्रेया कालरा बताया जा रहा है। वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि जैसे ही ट्रैफिक सिग्नल रेड होता है वैसी ही श्रेया कालरा बीच में आकर डांस करने लगी। वीडियो वायरल होने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने युवती के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की लेकिन हिदायत जरुर दी कि युवा सेफ्टी का ध्यान रखकर वीडियो बनाएं।

### तीसरी मंजिल से गिरकर युवक की मौत

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर मल्टी में तीसरी मंजिल से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल ही इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन सिर में घातक चोटे आने के कारण उसकी जान नहीं बच सकी। छोला मंदिर पुलिस ने बताया कि डिस्क लाइन सुधारने का काम करने वाला विष्णु प्रजापति पिता शिवलाल प्रजापति (24) राम मंदिर के पास अटल अय्युब मे रहता था। उसके परिवार में माता-पिता और एक भाई एक बहन है। बीती रात करीब 8 बजे विष्णु भानपुर मल्टी में तीसरी मंजिल पर काम कर रहा था।

# इंडोर स्टेडियम में खिलाडियों के लिए स्वच्छ वातावरण एवं सभी सुविधाएं उपलब्ध



पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ
दैनिक पुष्पांजली टुडे
9826576206

**अशोकनगर ।** खेल और युवा कल्?याण विभाग के जिले में प्रथम नव निर्मित जिला खेल परिसर इंडोर स्?टेडियम में खिलाडियों के प्रवेश हेतु नियमों का निर्धारण जिला स्तरीय समिति द्वारा किया गया है। जिससे खिलाडियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पडे। कई खिलाडियों के अभिभावकों को अपने बच्?चों के प्रति असुरक्षा की भावना होने के कारण खिलाडियों को स्?टेडियम नहीं भेजते हैं। नव निर्मित जिला खेल परिसर/इंडोर स्?टेडियम में खिलाडियों के लिए स्?वच्?छ वातावरण एवं हर प्रकार की सुरक्षा एवं सुविधाएं दी जायेगी। इस परिसर की खास बात यह है कि यहॉ पर विद्यार्थी खिलाडियों को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। जिससे हमारे जिले में युवा खिलाडी तैयार हों और हमारे जिले का नाम रोशन करें। विद्यार्थी खिलाडियों के अलावा खेल परिसर/इंडोर स्?टेडियम हेतु सदस्?य भी बनाए जायेगे। इस परिसर में वर्तमान में बैडमिंटन, कराते, टेबल'टेनिस खेल एवं ओपन जिम प्रारंभ किए गए हैं। शीघ्र ही जिले व प्रदेश में प्रचलित खेल भी प्रारंभ किए जायेगे। जिनकी तैयारियां जारी हैं।

इस परिसर में 2 प्रकार के खिलाडियों को विभाजित किया गया है। जिसमें प्रथम वर्ग में विद्यार्थी खिलाडी जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम हो एवं द्वितीय वर्ग में जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक रहेगी। इस परिसर में सभी खेलों हेतु शासन से खेल प्रशिक्षकों की ?यवस्?था भी किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## शिक्षा नीति एवं हिन्दी भाषा की प्रासंगिकता पर एक दिवसीय बेबिनार शास . महाविद्यालय मेहगांव में सम्पन्न



**संवाददाता बृजपाल सिंह गुर्जर**
**पुष्पांजली टुडे**

**मेहगांव।** शास . महाविद्यालय मेहगांव में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं हिन्दी भाषा की प्रासंगिकता पर एक दिवसीय बेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ . आर.के.सक्सेना जी ने की एवं विषय विशेषज्ञों के रूप में डॉ . उमाशंकर पचौरी ( महामंत्री भारतीय शिक्षण मंडल ) जो कि म.प्र . की शिक्षा नीति के कार्यदल के सदस्य रहै है एवं माधव महाविद्यालय ग्वालियर के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ . शिवकुमार शर्मा जी रहे । विषय विशेषज्ञों ने नवीन शिक्षा नीति के संदर्भ में हिन्दी की उपादेयता पर बारीकी से प्रकाश डाला तथा चिकित्सा शिक्षा , इन्जीनियरिंग एवं प्रबंधन में साहित्य के निर्माण हिन्दी में किया जाएं हिन्दी वर्णमाला , नवीन शब्द एवं शब्दकोषो के निर्माण पर बल दिया । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ . आर.के.सक्सेना जी ने विभिन्न शिक्षा नीतियो पर प्रकाश डाला, कार्यक्रम का संचालन श्री राधाकृष्ण शर्मा ने किया एवं सरस्वती वन्दना , स्वागत गीत शताक्षी , कृतिका द्वारा किया गया। एवं प्रतिवेदन श्री आर.के.डबरिया ने प्रस्तुत किया एवं आभार प्रदर्शन हिन्दी विभाग की अध्यक्ष श्रीमती गिरिजा नरवरिया ने किया एवं इसमें महाविद्यालय परिवार के अनुग्रह दत्त शर्मा , प्रियंका सिंह बिसेन , आलोक मिश्रा , सुनील बंसल , डॉ . हर्षद मिश्रा , दुर्गेश गुप्ता , अनिल त्यागी , शिवप्रकाश नरवरिया , वन्दना श्रीवास्तव , शैलेन्द्र रमन एवं सुशील चौधरी आदि समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।



## खौड में शंखेश्वर पार्श्वनाथ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पयूर्षण महापर्व मनाया

पुष्पांजली टुडे

**रानी पाली ।** खौड गांव के शंखेश्वर पार्श्वनाथ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पयूर्षण महापर्व पर वरघोड़ा निकालकर बड़े धूमधाम आयोजन किया गया। वही मेहता परिवार की ओर से धार्मिक आराधना पूजा पाठ कर प्रभु की भक्ति का आयोजन किया। वही ट्रस्ट की ओर से भामाशाह परिवार का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर भरत मेहता, शैलेश मेहता, विनोद मेहता, प्रेमराज मेहता, जुगराज मेहता,प्रकाश मेहता, गौतमचंद मेहता, अचलराज मेहता,विजयराज मेहता,उमेश मेहता, सुरेश कुमार मीणा, पुजारी नारायणलाल रावल आदि मौजूद रहे।

# सेवा व समर्पण भाव से मनाये प्रधानसेवक का जन्मदिवस: जैन



**पुष्पांजली टुडे**

गोहद भारतीय जनता पार्टी मंडल गोहद की सेवा व समर्पण अभियान की बैठक सिचाई विभाग के विश्राम गृह में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कोषाध्यक्ष शोभित अग्रवाल रहे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विवेक जैन ने की। बैठक में अतिथियों ने पार्टी के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया । बैठक में मण्डल अध्यक्ष विवेक जैन पार्टी के आगामी कार्यक्रमो के बारे में विषय रखा व आगामी कार्यक्रमो के प्रभारी व सह प्रभारियों की घोषणा की जैन ने कहा कि सभी कार्यक्रमो में कार्यकर्ताओं को बढ़चढ़कर भाग लेना है पार्टी द्वारा आगामी 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक अलग-अलग आयामों में जो कार्यक्रम आयोजित होना है वह सभी कार्यक्रम सेवा एवं समर्पण दिवस के रूप में मनाना है देश के प्रधानसेवक नरेंद्र भाई मोदी ने गांव, गरीब, किसान, मजदूर, आदिवासी, दलित, पिछड़ा बर्ग के हित में कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई हैं इन योजनाओं का प्रचार प्रसार हम सबको हर चौपाल पर करना है एवं प्रधानमंत्री जी का जन्मदिवस सेवा व समर्पण के भाव से स्वच्छता अभियान, मरीजों को फल वितरण, धर्म स्थल की स्वच्छता व सुंदरकांड का पाठ, मोदी उपवन एवं अन्य सेवा कार्य आयोजित कर मनाना है। हम सबको पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी वर्ष के तहत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से मनाना है जिससे हम समाज के हर वर्ग तक अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार पिछड़ा वर्ग 27त्न आरक्षण देकर बड़ा कार्य किया है। हम सबको प्रधानमंत्री की जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी देंना और उन योजनाओं का लाभ किस प्रकार समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को मिले यह हम सब कार्यकर्ताओं को पूरी कोशिश करनी होगी। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के वरिष्ठ रामसिया जाटव, दशरथ घुरैया, राजेन्द्र गुप्ता, भीकम कौशल, महेंद्र गुर्जर, आशीष शर्मा, सुमन गुप्ता, प्रमोद कामत, राजेश नागर, सन्तोष राठौर, सन्तोष प्रजापति, उमा राठौर, लाखन सिंह गुर्जर, कौशल भटेले, थानसिंह गुर्जर, गौरव राज सोनी, प्रदीप भारद्वाज, जुगल सोनी, विद्याराम शेजवार, पिंकी सगर, राधेश्याम गौड़, विकास जैन, विकास श्रीवास, दिनेश श्रीवास, रिंकू भटेले, धर्मन्द्र कंसाना, रामकेश कुशवाह, राकेश गौड़, सौरभ पांडेय, अमर सिंह, सोनू माहौर, विक्रांत यादव, विनोद माहोर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एक शाम गोगाजी के नाम विशाल भजन संध्या



**पुष्पांजली टुडे**

पाली। रोहट ।खांडी ग्राम पंचायत में एक शाम गोगाजी महाराज के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया इसमें खांडी सहित आस पास के गांवो के भक्तों ने बड़ी संख्या में पधार कर भजन संध्या में शिरकत की और ढोल-थाली वह गांजे बाजे के साथ गोगाजी के भोपो ने अपनी हाजरी दी। इसके बाद भजन गायक नरेन्द्र जी बंजारा व नेहा मुंदड़ा , भरत दमामी एंड पार्टी मंच संचालन पीपी पटेल सांगरिया ने किया में भजन संध्या का आगाज किया। इस दोरान मुख्य लोगों का बहुमान किया बिंजा आश्रम मांगीलाल जी महाराज ,रोहट उप प्रधान कानाराम पटेल, रोहट सरपंच संघ अध्यक्ष भरत पटेल, जिला परिषद सदस्य हरिश पटेल,खांडी सरपंच जगमालराम मेघवाल,उप सरपंच बालाराम हरावास,सतलाना पुर्व सरपंच भलाराम, पटेल, कालूराम पटेल रेन्दडी,रोहट पुर्व उप सरपंच मानाराम देवासी , भाकियू जिला सचिव किसान युवा नेता पप्पसा पटेल, वार्ड पंच सूतराराम , वार्ड पंच जेठाराम, वेनाराम देवाराम, केवलराम, चोथाराम, केवलराम, पाबुराम लूमबाराम, नेमाराम, मांगीलाल काला, हेमाराम ,भोपाजी सूतराराम मेंगवाल, मोहनराम, गोगादेव नवयुग मंडल अध्यक्ष भीमाराम डोंगी उपाध्यक्ष हिरालाल सिंलाणा, सचिव चन्दु डोंगी, कार्यकर्ता सरवण मंगलाराम, नारायण, अशोक,राजसा पटेल, पुनाराम,आदुराम, मोटाराम, दिनेश वैष्णव, रामलाल गर्ग, रणछोड़ पटेल, पप्पू फक,ओमाराम काला,ओमाराम सरगरा,बालाराम देवासी, कानाराम, मेघवाल,दशरथ रावजी,सभी ग्राम वासी मोजूद थे।

## रोटरी स्कूल में इंजीनियर्स दिवस पर सर एम विश्वेश्वरैया तस्वीर पर पुषहार चढाकर मनाया

**पुष्पाजंली टुडे**

मंड्या- टी नरसीपुरा तहसील के बन्नूर गांव में रोटरी स्कूल में बुधवार को इंजिनियर्स दिवस मनाया। स्कूल के स्टाप ने सर एम विश्वेश्वरैया तस्वीर पर पुष्पहार चढाकर उनको याद किया। इस अवसर पर क्लब के पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने कहा कि सर एम विश्वेश्वरैया कृष्णाराज सागर बांध निर्माण,



भद्रावती आयरन एड स्टील वर्क, मैसूर संदल ऑयल एंड सोप फैक्टरी व मैसूर विश्वविद्यालय में उनके योगदान कभी भुलाया नही जा सकता। उनकी याद में 15 सितंबर को इंजिनियर्स दिवस के तौर पर मनाया जाता है ।शिक्षक वादीराज प्रसाद ने कहा कि कृष्णराज सागर बांध व नहरों को जोडने के योगदान को किसान हमेशा सर एम विश्वेश्वरैया हमेशा को याद करता है।मंड्या व मैसूर जिला में कई गांवो के चौराहा सर एम विश्वेश्वरैया कि प्रतिमा लगाई गई है ।जंयती में शिक्षक सिध्दु, नजुंड स्वामी, बगाराप्पा, के कालापा, भागीयाम्मा, महादेवाम्मां मौजूद थे।

## वन-टू-वन

### वैक्शीनेशन महाअभियान को लेकर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विधालय की छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली



**हरिओम परिहार रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

**बदरवास।**17 सितंबर से प्रारंभ होने वाले वैक्शीनेशन महाअभियान को लेकर जागरूकता हेतु नगर के विभिन्न मार्गो से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विधालय की छात्राओं द्वारा एक विशाल रैली निकाली गई जिसमें बदरवास को कोरोना मुक्त कराना है

**तो वैक्शीन जरूर लगवाना है,**
**दो गज की दूरी,और मास्क है जरूरी**

आदि नारों के साथ नगर में लोगो को जागरूक करते हुये सभी नागरिकों से अपील की कि आप सभी सत् प्रतिशत् वैक्शीनेशन जरूर कराये और अपने परिवार सहित नगर को कोरोना मुक्त बनाये

### वाहन चालकों को गुलाब फूल देकर किया सम्मानित

**हेलमेट लगाने एवं ट्रैफिक नियमों का पालन करने हेतु हांथ जोड़कर किया निवेदन**

**पुष्पांजली टुडे**
**पाली रोहट~**

जोधपुर हाइवे प्रबंधन के निर्देशानुसार प्रादेशिक परिवहन अधिकारी प्रवीणा चारण के मार्गदर्शन में



सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान की कार्यशाला गाजंनगढ़ टोल पर किरण बाबू की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर सड़क उपयोगकर्ताओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी दी। ट्रैफिक नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को गुलाब फूल देकर सम्मानित किया गया.प्रोजेक्ट मैनेजर मुथू कुमार ने बताया कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने से स्वयं की और दूसरों की भी जान जोखिम में रहती है। साथ ही यातायात के नियमों का पालन करने हेतु समझाइश दी। यातायात नियमों के पर्चे वितरित कर पाठ पढ़ाते हुए कहा कि जब तक नियम याद ना हो तब तक पर्चा ना फेंके। टोल मैनेजर पवन गोठवाल ने हाथ जोड़कर अनुनय विनय के साथ यातायात नियमों के पालन, मास्क लगाने, की अपील की, तथा दुर्घटना से बचाव हेतु वाहनों, ट्रैक्टर मोटरसाइकिल के पीछे लाल रंग के रेडियम स्टीकर चिपकाये। इस मौके पर फिरोज खान,पैरा मेडिकल स्टाफ गोविंद बंजारा, शिवपुरी, नरपत, अतर सिंह राम दुलारे, सहित टोल कमचारियों उपस्थित थे।

### गरीब छात्राओं की फीस भरने मे भामाशाहओ ने विद्यालय में दिया सहयोग



**पुष्पांजली टुडे**

रानी पाली ।खौड गांव स्थित आई सुखी बाई चंदनमल लोढ़ा राजकीय बालिका उच्च विद्यालय में गरीब छात्राओं के फीस भरने के लिए भामाशाह आगे आए। प्रधानाचार्य हेमंत दवे ने बताया खौड गांव के मूल निवासी हाल मुंबई मूलचंद हीराचंद लोढा ने 27500 की राशि एवं कपूरचंद राजमल पारेख ने 11000 की राशि गरीब छात्राओं की फीस भरने हेतु विद्यालय मे राशि सौंपी। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ द्वारा भामाशाह परिवार का बहुमान किया गया। वहीं पूर्व में भी सहयोग के लिए प्रधानाचार्य हेमंत दवे के प्रयासो से भामाशाह को प्रेरित कर गरीब छात्राओं के लिए कपड़े, बूट, बैग उपलब्ध करवाए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हेमंत दवे, मूलचंद लोढा, कपूरचंद पारेख, शिक्षक हरीश व्यास, अध्यापक फूलचंद मालवीय आदि उपस्थित रहे।

# आतंकी साजिश का पर्दाफाश होने के बाद मप्र में हाई अलर्ट

### पीएचक्यू ने सभी जिलों में अतिरिक्त सुरक्षा के दिए निर्देश



**भोपाल।** देश में पाकिस्तान की आतंकी साजिश का पर्दाफाश होने के बाद मध्य प्रदेश में अलर्ट जारी कर दिया गया है. पुलिस मुख्यालय ने अफसरों को सभी जिलों में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के निर्देश दिए हैं. सूत्रों के अनुसार आईबी के इनपुट के बाद एमपी इंटेलिजेंस ने प्रदेश पुलिस को सतर्क रहने के दिए निर्देश दिए हैं. पीएचक्यू ने पुलिस अफसरों को सभी जिलों में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था बरतने के लिए कहा है. खासकर भीड़भाड़ वाले स्थान, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाने के लिए कहा गया है. मौजूदा त्योहारों और आगामी त्योहारों में भी विशेष तौर पर अलर्ट रहने के लिए कहा गया है.

जानकारी के अनुसार दिल्ली पुलिस ने 6 आतंकियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में विस्फोटक और हाई क्वालिटी हथियार बरामद किए हैं. दिल्ली, यूपी और राजस्थान से पकड़े गए इन आतंकियों का यह नेटवर्क कई राज्यों में फैला हुआ था. इन आतंकियों में से 2 ने पाकिस्तान में बम बनाने की ट्रेनिंग ली थी. पकड़े गए आतंकी दाऊद इब्राहिम के भाई अनीस के इशारे पर नवरात्रि और रामलीला के दौरान सीरियल ब्लास्ट करना चाहते थे. पाकिस्तान में ट्रेनिंग लेने वाले आतंकियों के नाम ओसामा और जीशान कमर हैं. बाकी चारों आतंकियों के नाम मोहम्मद अबु बकर, जान मोहम्मद शेख, मोहम्मद अमीर जावेद और मूलचंद लाला है.

एमपी में पहले से पुलिस अलर्ट

इंदौर में चूड़ी वाले के साथ मारपीट के बाद पकड़े गए चार आरोपियों के पाकिस्तान और तालिबानी कनेक्शन के बाद पुलिस मुख्यालय ने कट्टरवादी संगठन पीएफआई की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश प्रदेश की पुलिस को दिए थे. प्रदेश में सांप्रदायिक तनाव की आशंका के कारण भी पुलिस को अलर्ट किया गया था. इंटेलिजेंस ने भी प्रदेश पुलिस को पहले से ज्यादा सतर्क रहने के लिए आगाह किया था. मौजूदा त्योहारों और आगामी त्योहारों में भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के लिए प्रदेश की सभी पुलिस इकाइयों को कहा गया था. लेकिन दिल्ली पुलिस के आतंकी साजिश के खुलासे के बाद अब फिर मध्य प्रदेश इंटेलिजेंस ने प्रदेश पुलिस को पहले से ज्यादा अलर्ट और सावधान रहने के लिए कहा है.

### केबल चोरी के दो साल बाद एफआइआर कराएगा हमीदिया अस्पताल

**भोपाल।** शहर का हमीदिया अस्पताल प्रबंधन केबल चोरी के दो साल बाद अब एफआईआर कराने की तैयारी कर रहा है। चोर वर्ष 2019 में अस्पताल के गामा कैमरे के कक्ष में लगे एसी के केबल काट ले गए थे। एफआइआर कराने की वजह यह है कि हाल में गामा कैमरे की सालाना मरम्मत के लिए कालेज प्रबंधन ने कैमरा लगाने वाली कंपनी से अनुबंध किया है। यहां पर तीन नए एसी भी लगाए गए हैं। कंपनी ने शर्त रखी है कि एसी बंद होने की वजह से कैमरा गरम हो जाता है तो इसकी जवाबदारी कंपनी की नहीं होगी।इसी वजह से मजबूरी में अब अस्पताल प्रबंधन को एफआइआर करानी पड़ रही है, जिससे अब चोरी करने वाले में डर रहे। इसे अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही ही कहा जाएगा कि अभी तक इस मामले में एफआइआर नहीं कराई गई। गौरतलब है कि इसके पहले हमीदिया अस्पताल में इस साल जून में कोविड डी ब्लाक में सोनोग्राफी मशीन में उपयोग होने वाला डेढ़ लाख रुपये का प्रोब चोरी हो गया। अस्पताल प्रबंधन ने मामले की जांच के नाम पर डेढ़ महीने लगा दिए।

### खेत मे लगे आम के पेड पर युवक ने फॉसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** राजधानी के नजीराबाद थाना इलाके मे स्थित ग्राम मजीदगड़ में युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किये जाने की घटना प्रकाश मे आई है। बताया गया है कि मृतक घर से शौच के लिए जाने का कहकर निकला था। लेकिन इसके बाद वो वापस नहीं लौटा। देर रात परिवार वाले उसकी खोजबीन करते हुए खेत में पहुंचे तो वहॉ उन्हे युवक का शव आम के पेड़ पर रस्सी के फंदे पर झुलता नजर आया। पुलिस ने मर्ग कायम कर कारणो की जॉच शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि राकेश अहिरवार पिता राम लखन अहिरवार (19) ग्राम मजीदगढ़ में रहता था। बीती शाम करीब सात बजे राकेश घर डिब्बा लेकर यह कहते हुए निकला था, कि वह शौच करने खेत पर जा रहा है। इसके बाद घर नहीं लौटा।

# रायसेन की नाबालिग से भोपाल के गुनगा इलाके मे गैंगरेप

### बहन के घर आई पीडीता से आरोपी पडोसी ने साथी के साथ बनाया हवस का शिकार

### दो आरोपियो ने किया बलात्कार, तीसरा बनाता रहा रेप का वीडीयो



**भोपाल।** राजधानी भोपाल के गुनगा थाना इलाके में रायसेन की रहने वाली नाबालिग 10वीं की छात्रा से गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। छात्रा ने परिजनो के साथ रायसेन के महिला थाना में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करया जहॉ से घटना स्थल भोपाल होने के कारण केस डायरी गुनगा थाने भेजी गई है। पुलिस के अनुसार धारा 164 के बयान में पीड़िता ने बताया कि दो युवकों ने उसके साथ गैंगरेप किया इस दोरान उनका तीसरे साथी ने उसके साथ दुष्कर्म का वीडियो बनाया। पुलिस ने बलात्कार का प्रकरण दर्ज कर तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। फिलहाल पुलिस ने मामले में गैंगरेप की धाराओं में प्रकरण दर्ज नहीं किया है। पुलिस का कहना है, कि जल्द धाराओं में इजाफा किया जाएगा। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 15 वर्षीय नाबालिग रायसेन की रहने वाली है, उसकी दीदी व जीजा गुनगा थाना इलाके में रहते हैं। बीते दिनो उसकी दीदी की तबीयत खराब होने के कारण वह अगस्त महीने के आखिरी दिनो अपनी दीदी के घर आ गई थी। कुछ दिन बाद ही दीदी की तबीयत अधिक खराब हो जाने के कारण उन्हें हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान जीजा भी अस्पताल में ही थे, ओर घर की देखरेख की जिम्मेदारी नाबालिग करती थी, उसके साथ दीदी के एक रिश्तेदार की बेटी थी। बीती 12 सिंतबर की रात को दोनों नाबालिग घर मे अकेली थीं। रात के समय लड़की के जीजा का पड़ोसी शैतान सिंह लोधी दो साथियों के साथ किशोरियो के घर पहुंचा। उसने आवाज देकर दरवाजा खुलवाया। इसके बाद नाबालिग से उसने जीजा के बारे में पूछा। पीड़िता ने बताया कि जीजा-दीदी अस्पताल में हैं, तब आरोपी जर्बदस्ती उसके घर में घुस गये। आरोप है कि घर मे घुसने के बाद शैतान सिंह लोधी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद दीपक लोधी ने पीड़िता को अपनी हवस का शिकार बनाया। वही दोनो आरोपियो द्वारा किशोरी के साथ बलात्कार किये जाने के दौरान उनका तीसरा साथी लीला किशन मोबाइल से अशलील वीडियो बनाता रहा। घटना के बाद पीड़िता रायसेन चली गई। वही घटना के समय पीडीता के साथ रह रही दूसरी किशोरी ने आरोपियो को घर मे आते देख लिया था। उसने यह बात अपने पिता को बताई, इसके बाद उसके पिता ने इसकी जानकारी पीडीता के जीजा को दी।

# ट्रेनों में जस्र्रतमंदों की मददगार बन रही वर्दीधारी मेरी सहेलियां

### बीते पांच महीने में 343 बच्चों और 10 हजार 509 महिला यात्रियों की मदद की

**भोपाल।** ट्रेनों में बच्चों से भीख मंगवाने वालों के गिरोह पर मेरी सहेलियों का डंडा खूब चला है। इन वर्दीधारी मेरी सहेलियों ने बीते पांच महीने में भोपाल मंडल समेत पश्चिम मध्य रेलवे में 343 बच्चों की मदद की है। ये वे बच्चे हैं, जिनसे ट्रेनों में भीख मंगवा रहे थे या फिर ये घर से गुस्से में निकल गए थे। कुछ ट्रेनों और स्टेशनों की भीड़ में बच?चे बिछड़ गए थे। ऐसे गरीब अभिभावक, जो ट्रेनों में बच्चों से भीख मंगवा रहे थे, उन्हें समझाइश दी। एक बार समझाने के बाद दोबारा बच्चों से भीख मंगवाते मिलने पर कार्रवाई की और जो बच्चे घर से गुस्से में निकले थे, उन्हें सही सलामत उनके अभिभावकों तक पहुंचाया। इसके अलावा मेरी सहेलियों ने अकेले सफर कर रही 10 हजार 509 महिला यात्रियों को सहारा दिया है। इनमें से ज्यादातर वे महिलाएं हैं, जिन्होंने मेरी सहेलियों से मदद मांगी थी। यह मदद अप्रैल 2021 से अगस्त 2021 तक पहुंचाई है। दरअसल, मेरी सहेली भारतीय रेलवे का एक अभियान है, जो स्टेशन और ट्रेनों में बच्चों और महिलाओं की मदद के लिए चलाया गया है। इसकी शुरूआत 15 अक्टूबर 2020 से हुई थी। मेरी सहेली दल में रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) की महिला उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, प्रधान आरक्षक और आरक्षक होती हैं।

### रोजाना 40 ट्रेनों में दबिश

भोपाल रेल मंडल के तहत मेरी सहेली दल में आरपीएफ की दो महिला अधिकारी, 15 महिला जवान शामिल हैं। इसी तरह जबलपुर मंडल में चार महिला अधिकारी, 20 महिला जवान और कोटा रेल मंडल में 12 महिला जवान की तैनाती की गई है। ये महिला अधिकारी व जवान भोपाल समेत पश्चिम मध्य रेलवे से प्रतिदिन गुजरने वाली 40 ट्रेनों में औचक दबिश देती हैं और जांच पड़ताल करती हैं। स्टेशनों पर भी मदद पहुंचाती हैं।

## जितेंद दोहरे ने महेवा ब्लॉक से निकाली समाजवादी मोटरसाइकिल रैली

**पुष्पांजली टुडे**

**औरैया ।** महेवा ब्लॉक प्रमुख जितेंद दोहरे ने महेवा ब्लॉक से अहेरीपुर निवाड़ी होते हुए सैकड़ों मोटरसाइकिलों पर समाजवादी पार्टी के झंडे लगाकर रैली के माध्यम से दर्जनों गांव का भृमण किया। इस दौरान जितेंद दोहरे ने क्षेत्रवासियों से 2022 में समाजवादी पार्टी को वोट देकर अखिलेश भैया की सरकार बनाने का



आव्हान भी किया। जितेंद दोहरे ने बताया कि आज हमने अपने क्षेत्र के लगभग एक सैकड़ा मोटरसाइकिल वाले साथियों को लेकर महेवा ब्लॉक से अहेरीपुर, निवाड़ी,खितौरा, उरेंग, लुधियानी होते हुए बकेवर तक एक विशाल समाजवादी यात्रा का आयोजन किया था। इस यात्रा के माध्यम से हम क्षेत्र की जनता से अनुरोध करना चाहते हैं कि आने वाला 2022 हम समाजवादियों का है। इसलिए हम सभी एकजुट होकर उत्तर प्रदेश में माननीय अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाकर फिर से उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, मंहगाई, सड़क, शिक्षा और सुरक्षा व्यवस्था को फिर से दुरस्त करने के लिए 2022 में सिर्फ साईकल का बटन दबाएं। और उत्तर प्रदेश को खुशहाल बनाएं।

# उपचुनाव से पहले मुख्यमंत्री ने यहां खोला सौगातों का पिटारा, कांग्रेस विधायक की मौत के बाद रिक्त हुई है सीट

**भोपाल( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जोबट विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर हैं। कांग्रेस विधायक की मौत के बाद खाली हुई इस सीट पर उपचुनाव होने हैं। उपचुनाव से पहले मुख्यमंत्री ने क्षेत्र को बड़ी सौगातें दी हैं। मुख्यमंत्री ने 50 करोड़ से ज्यादा के विकास कार्यो की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने जोबट अस्पताल का 13 करोड़ की लागत से उन्नयन करने की घोषणा की है। इसके साथ ही युवा वर्ग को साधते हुए मुख्यमंत्री ने खेल स्टेडियम, तीरंदाजी फेडर सेंटर बनाए जाने की घोषणा की है।

नगर पंचायत जोबट में सीएम शिवराज की घोषणाएं

1-13 करोड़ की लागत से जोबट अस्पताल का 50 बिस्तरीय उन्नयन ।

2-खेल स्टेडियम लागत 4.98 करोड।

3-तीरंदाजी फेडर सेन्टर लागत 2.00 करोड।

4-उमरी में 28 हेक्टेयर में औद्योगिक पार्क की स्थापना।

5-नवीन आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास लागत 3.36 करोड।

6-शासकीय मॉडल उ.मा.वि. उदयगढ एवं शासकीय उ.मा.वि. डाबडी को सी.एम. राइस योजना के अन्तर्गत उन्नयन किया जायेगा।

7-बिलासा बैराज लागत 3.44 करोड, देहदला बैराज लागत 4.46 करोड, मसनी बैराज लागत 3.20 करोड़, मोद नदी बैराज लागत 6.09 करोड़ से निर्माण कार्य।

8-नगर परिषद जोबट में कुल 5.82 करोड की लागत से नाला निर्माण लागत 2.28 करोड़, डोही नदी रिटनिंग वॉल लागत 1.94 करोड, सड़क एवं नाली निर्माण 80.00 लाख, उद्यान विकास लागत 70.00 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण लागत 40.00 लाख।

# मेहगांव कस्बे का मामला है श्री नाथूबाबा रोड़ पर समसान घाट है जिसका निर्माण में किया जा रहा है घटिया किस्म का मटेरियल का उपयोग







**संवाददाता बृजपाल सिंह गुर्जर रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

मेहगांव नकली सीमेंट थर्ड क्वालिटी की ईटो को लगाया जा रहा है इससे श्मशान घाट बनने के बाद रहेगा बड़ी दुर्घटना का डर क्योंकि जिस प्रकार का मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है वह बेहद घटिया है वहां के लोगों ने वहां जाकर विरोध किया और मीडिया कर्मियों ने कुछ लेबर इंचार्ज और लेबर से पूछा तो उनकी बातों में एयर फेयर नजर आया जैसे कि चिनाई के लिए सीमेंट रेट का कितना मिक्सिंग मसाला यूज किया जा रहा है तो लेवर इंचार्ज ने बताया की 5 एक का मसाला मंजूर है और चिनाई कर रहे कारीगरों से पूछा तो उन्होंने बताया की 6 एक का मसाले का उपयोग किया जा रहा है अब इसमें यही स्पष्ट होता है कि घपला तो किया जा रहा है कौन सत्य बोल रहा है कौन असत्य यह तो जांच का विषय है जिसमें ईटों का मटेरिय काफी घटिया है इस बारे में जब ठेकेदार से बात की उसने बोला ऊपर से सभी अधिकारियों को रिश्वत देकर टेंडर पास कराया है आपको जहां जाना है वहां जाकर शिकायत करो जब इस बारे में संबंधित अधिकारियों से बात की तो वह अपनी जिम्मेदारी से हटते नजर आए

मेहगांव नगर पालिका सीएमओ इंचार्ज हरिमोहन श्रीवास्तव इसके बारे में इनसे पूछा तो इनका कहना है

आप लोगों के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मैं उस पर जांच करवा कर जल्द निराकरण देंगे

## सीरवी समाज सुकन्तकट्टे वढेर की तरफ से वैक्सीनैशन का दुसरा कैंप संपन्न हुआ

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा**

**बेंगलूर =** सीरवी समाज सुन्कदकट्टे बढेर बैंगलोर पश्चिम् के तत्वावधान मे वैक्सीनेशन का कैंप त्त4 हाउसिंग बोर्ड विनायका लेआउट में रखा गया । कोवि शील्ड व कोवेक्सीन वैक्सीन उपलब्ध करवाया गया पहले डोज एवं दूसरी डोज दिलाकर जन कल्याण किया गया वैक्सीनेशन पुर्णत निशुल्क उचित था । इसकी शुरुआत सुबह 9~00 बजे हुई व दोपहर 3बजे तक लगाया गया करीब एक सौ चालिस नागरिकों ने इसका लाभ उठाया । इसमें रंगाना व अनिल भाजपा कार्यकर्ताओ ने पधार कर कार्यक्रम को आयोजित करने में सहयोग किया समाज के संरक्षक इन्द्र लाल व अध्यक्ष रूगाराम चोयल एवं सचिव हनुमानराम बर्फा उपाध्यक्ष लक्ष्मण पंवार, सहसचिव भँवरलाल गेहलोत, भानाराम गेहलोत, चंदुलाल चोयल,लछाराम गेहलोत, कानाराम सोलंकी,कोषाध्यक्ष, घीसाराम सोलंकी,सहकोषाध्यक्ष रतनाराम पंवार,पारसमल सैणचा, सभी ने सहयोग कर कार्यक्रम को सफलता पुर्वक सम्पन्न करवाया।



# कॉलेज गेट पर रही सख्ती, वैक्सीनेशन सार्टिफिकेट दिखाने पर ही मिली एंट्री, गेट से निकलते ही छात्राएं भूलीं सोशल डिस्टेंस

**ग्वालियर।** कोविड काल के बाद आखिरकार बुधवार से कॉलेज भी शुरू हो गए हैं। पहले दिन कॉलेज में काफी चहल-पहल नजर आई है। आमतौर पर सभी कॉलेज के गेट पर कॉलेज प्रबंधन की सख्ती नजर आई है। कोविड गाइडलाइन का पालन, वैक्सीनेशन सार्टिफिकेट के बाद ही कॉलेज में प्रवेश मिल सका है। पर जो वैक्सीनेशन सार्टिफिकेट नहीं ला पाए थे उनको एक दिन की मोहल्लत दे दी गई है। कॉलेज गेट तक तो सारे नियम दिखे, लेकिन कॉलेज के अंदर पहुंचते ही छात्र छात्राएं कोविड गाइड लाइन की धज्जियां उड़ाते हुए नजर आए हैं। पार्क में सोशल डिस्टेंस को भूलकर घूमते दिखे। मास्क भी उतारकर जेब में रख लिए। ज्यादातर कॉलेज में यही नजारा देखने को मिला है। जीवाजी यूनिवर्सिटी की अध्ययनशालाएं और जिले के कॉलेज बुधवार से शुरू हो गए हैं। लंबे समय बाद छात्र और शिक्षक भौतिक रूप से क्लास में आमने सामने रहे। कॉलेज खुलने के साथ ही छात्रों की उपस्थित 50 प्रतिशत ही रखी जाने के सख्त आदेश है, पर अभी प्रवेश प्रक्रिया भी जारी है ऐसे में बुधवार को 18 से 20 प्रतिशत विद्यार्थी कॉलेजों में पहुंचे हैं। कॉलेजों में मास्क, सेनिटाइजर का उपयोग और सोशल डिस्टेंसिंग जरूरी मानते हुए कॉलेज प्रबंधन ने गेट पर ही



इसका कड़ा पालन कराया। JU में विद्यार्थियों के अभिभावकों की अनुमति भी मांगी गई है। इसके लिए गूगल शीट विद्यार्थियों से शेयर कर उनकी अनुमति



मांगी गई थी जो ज्यादातर छात्रों ने भरकर दे दी है।

**पहले दिन कॉलेजों का क्या रहा हाल:** ग्वालियर के सबसे बड़े गर्ल्स कॉलेज में शुमार चक्र्न (कमला राजा गर्ल्स कॉलेज) में पहले दिन का हाल मिला जुला रहा है। कॉलेज के गेट पर थर्मल स्क्रीनिंग के साथ छात्राओं को अंदर प्रवेश दिया गया। गेट पर ही हैंड सेनिटाइज कराए गए। सोशल डिस्टेंस बनाए रखने की सलाह दी। इतना ही नहीं स्टूडेंट से वैक्सीनेशन सार्टिफिकेट और परिजन का अनुमति पत्र भी देखा गया है। कॉलेज गेट से एंटर होते समय तो छात्राएं पूरे नियम में दिखीं, लेकिन अंदर कॉलेज के पार्क में पहुंचते ही मास्क उतारकर जेब में रख लिया और एक दूसरे के गले में हाथ डालकर सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ा दीं।

## नैनो न्यूज

### वृद्ध माता-पिता सहित क्षेत्रीय निवासियों ने लिया आयुष्मान कार्ड शिविर का लाभ



**ग्वालियर।** माधव बाल निकेतन एवं वृद्ध आश्रम मैं आज बुधवार को आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन किया गया।आश्रम के चेयरमैन नूतन श्रीवास्तव ने बताया कि आश्रम में रहने वाले वृद्ध माता पिता के अलावा क्षेत्रीय निवासियों ने अभी अपने अपने आयुष्मान कार्ड बनवाए। कार्ड बनबाने के लिए सिर्फ दो कागज एक आधार कार्ड दूसरा समग्र आईडी से आयुष्मान कार्ड बनाए गये। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि आज के शिविर में 35 कार्ड बनाए गए। आयुष्मान कार्ड के लिए आयोजित शिविर में संस्था के चेयरमैन नूतन श्रीवास्तव, विशाल शर्मा, श्याम श्रीवास्तव, चेतन शर्मा,संस्था अधीक्षिका सीमा सक्सेना, सहित अन्य पदाधिकारी व क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

### किशोर कन्याल ग्वालियर के नये निगमायुक्त, चार्ज अभी अभी संभाला

**ग्वालियर।** राज्य शासन ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ग्वालियर किशोर कुमार कन्याल को



ग्वालियर का नया नगर निगम आयुक्त नियुक्त किया है। नवागत आयुक्त किशोर कन्याल ने राज्य शासन से आये आदेश के तुरंत बाद तत्काल प्रभाव से अभी अभी कार्यभार भी संभाल लिया है। वहीं अपर कलेक्टर ग्वालियर आशीष तिवारी को नया मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ग्वालियर बनाया गया है।

### छात्रा को चांटा मारकर मोबाइल लूटा

**ग्वालियर।** महाराजपुरा थाना क्षेत्र में स्थित चावला मार्केट के पास जा रही एक छात्रा के साथ दो बाइक सवार बदमाशों ने मारपीट कर उसका मोबाइल लूट लिया। और भाग गए पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार डीडी नगर निवासी अर्पिता शर्मा पुत्री गिरिजाशंकर शर्मा छात्रा है वह चावला मार्केट के पास काम से जा रही थी ।तभी बाइक सवार दो बदमाश उसके पास आए और उसके हाथ से मोबाइल छीना। छात्रा के विरोध करने पर बदमाशों ने उस में चांटे मारे और मोबाइल छीन कर भाग गए ।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### मकान से मोबाइल और नगदी चोरी

**ग्वालियर।** शहर इंदरगंज थाना क्षेत्र में स्थित गेडे वाली सड़क पर बीती रात छत के सहारे चोरी मकान में घुस गए और वहां से 18 हजार की नगदी तथा दो मोबाइल चोरी कर ले गए ।पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गिराने वाली सड़क निवासी ललित माहौर बीती रात खाना खाकर कमरे में सो रहे थे। तभी छत के सहारे उनके कमरे में चोर घुस आए और पर्स से 18 हजार की नगदी तथा दो मोबाइल चोरी कर ले गए ।पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### सड़क किनारे घायल मिला युवक

**ग्वालियर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित महाराज बाड़े के पास एक युवक सड़क किनारे घायल अवस्था में मिला है घायल के गले पर चोट का निशान है ।पुलिस ने उसे इलाज के लिए भर्ती करा दिया है ।जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि महेश मेडिकल के पास एक युवक घायल पड़ा हुआ है।

# प्रेमी जोड़े को हाईकोर्ट ने सुरक्षा देने से मना किया

### लव मैरिज करके आए कपल से ग्वालियर खंडपीठ ने कहा- सिर्फ माला पहनाना शादी नहीं, 7 फेरे के बाद विधि-विधान करने पर ही विवाह वैध

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने आर्य समाज मंदिर में शादी के बाद सुरक्षा मांगने की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा- अग्नि के 7 फेरे लेने और विधि-विधान पूरा करने के बाद ही एक विवाह वैध माना जाता है, पर देखने में आ रहा है कि आर्य समाज मंदिर में शादी के बाद जोड़े कोर्ट में सुरक्षा के लिए याचिका दायर कर रहे हैं। ऐसी याचिका सुनवाई के योग्य नहीं हैं। कोर्ट ने यह भी कहा है कि सिर्फ मंदिर में एक दूसरे को माला पहनाना शादी नहीं है। कोर्ट ने मुरैना निवासी नवविवाहित प्रेमी जोड़े की ओर से दायर याचिका पर उक्त टिप्पणी की है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि याचिका में भी ऐसा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है, जिससे पता लगे कि उन्हें कहीं धमकी मिली है या वह पुलिस के पास गए हों, इसलिए इसे खारिज किया जाता है।



**16 अगस्त को प्रेमी जोड़े ने की थी शादी:** मुरैना निवासी एक 23 साल के युवक ने 21 साल की युवती के साथ 16 अगस्त 2021 को ग्वालियर के लोहा मंडी किलागेट स्थित आर्य समाज मंदिर में प्रेम विवाह किया था। आर्य समाज से विवाह का प्रमाण पत्र भी दिया। इसके बाद दोनों ने हाईकोर्ट में अपनी सुरक्षा को लेकर एक याचिका दायर की थी। मंगलवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया कि दोनों ने प्रेम विवाह किया है। उनके परिजन और अन्य लोग झूठी शिकायतें कर रहे हैं, उन शिकायतों पर कोई कार्रवाई न की जाए। वैवाहिक संबंधों को मजबूत बनाने के लिए उनको सुरक्षा प्रदान की जाए। उनकी जान को लोगों से खतरा है।

**सुनवाई के बाद कोर्ट ने खारिज की याचिका:** शासकीय अधिवक्ता दीपक खोत ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि याचिकाकर्ताओं की ओर से किसी भी थाने में सुरक्षा के लिए आवेदन नहीं दिया है। उन्हें किससे खतरा है, किसने धमकी दी है, कौन परेशान कर रहा है? यह भी नहीं बताया है। सीधे कोर्ट में याचिका दायर कर दी गई है, इसलिए यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं लगती। पूरी सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। गौरतलब है कि कई कपल आर्य समाज मंदिर में शादी के बाद हाईकोर्ट से सुरक्षा मांगते हैं। कोर्ट का कहना है कि यदि जान का खतरा है तो पहले पुलिस के पास जाएं। वहां मदद न मिले तो कोर्ट में आएं।

# भगवान के नाम पर ठगने वाला जालसाज गिरफ्तार

### शहर के व्यापारियों को पूजन सामग्री में मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर की थी लाखों की ठगी, फिर ठगने आया था, पकड़ा गया

**ग्वालियर।** ग्वालियर में पूजन सामग्री की दुकान खुलवाकर मोटा मुनाफा कमाने नाम पर व्यवसायी को ठगने वाले आरोपी को जनकगंज थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना गिरफ्तार कर लिया है। वह मोटे गणेश मंदिर इलाके में किसी व्यापारी को ठगने आया था तभी पुलिस को सूचना मिली। जालसाज पुलिस को देखकर सड़क पर दौड़ पड़ा, लेकिन पुलिस जवानों ने उसका पीछा नहीं छोड़ा। एक मकान में छुपने के लिए घुसा और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी तीन साल से पुलिस को चकमा दे रहा था। अब पुलिस उससे ठगी के मामले में पूछताछ कर रही है। जनकगंज ञ्रढ्ढ संजीव नयन शर्मा ने



बताया कि सूचना मिली थी कि 3 साल पहले व्यवसायी को लाखों रुपए का चूना लगाकर फरार हुआ आरोपी पीयूष शर्मा पुत्र दिनेश शर्मा निवासी खासगी बाजार मोटे गणेश मंदिर के पास देखा गया है। सूचना मिलते ही स्ढ्ढ रोहित चौधरी को पुलिस जवान मुरारी, जसवीर, दिलीप व नारायण के साथ आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पहुंचाया। पुलिस को देखते ही पीयूष ने दौड़ लगा दी और पुलिस को चकमा देने के लिए पड़ोसी के घर में जा घुसा, पुलिस भी उसका पीछा करते हुए पड़ोसी के घर जा पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पकड़े गए ठग को लेकर थाने पहुंची और पूछताछ शुरू कर दी है, कि उसने और किस-किसको ठगा है।

### यह था मामला

मदने की गोठ भाऊ का बाजार निवासी विपिन बिहारी पुत्र गिरधारी लाल गोयल व्यवसायी है। उनकी पूजन सामग्री व्रिकेता पीयूष शर्मा से पुरानी दोस्ती थी। वर्ष 2018 में पीयूष ने विपिन गोयल को पूजन सामग्री की दुकान खोलने की सलाह दी और बताया कि इस व्यवसाय में उसे मोटा मुनाफा होगा और सारा इंतजाम वह खुद करा देगा। उसकी बातों में आकर विपिन ने उसे पांच लाख रुपए तत्काल पूजन सामग्री मंगवाने के लिए दिए। इसके बाद वह चक्कर काटते रहे, लेकिन ना तो पूजन सामग्री आई और ना ही उसने उनके पैसे लौटाए। ठगी का शिकार हुआ पीड़ित थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर ठगी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी, लेकिन वह फरार हो गया।

### रेल मुसाफिर का मोबाइल लूटने वाले बदमाश गिरफ्तार

**ग्वालियर।** प्लेटफार्म से झांसी की ओर रवाना हो रही ब्रांदा एक्सप्रेस से चलती ट्रेन में मुसाफिर का मोबाइल लूटने वाले शातिर बदमाश को आरपीएफ व जीआरपी ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी से लूटा गया मोबाइल बरामद कर उससे अन्य लूट व चोरियों के बारे में पूछताछ शुरु कर दी है। आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार सात दिन पहले नौ सितंबर को झांसी-बांद्रा एक्सप्रेस में सवार हो रहे यात्री का मोबाइल मौके पर मौजूद बदमाश छीन कर भाग गया था। इस मामले में यात्री की शिकायत पर जीआरपी ग्वालियर ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज कर फरियादी द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर उसकी तलाश शुरु कर दी थी। बीते रोज मुखबिर से सूचना मिली थी कि मोबाइल लूटने वाला बदमाश एक बार फिर लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए स्टेशन के पास स्थित मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पुलके पास खड़ा हुआ है। मुखबिर की सूचना पर इलाके की घेराबंदी कर सोनूकोरी निवासी ग्वालियर को लूटे गए मोबाइल के साथ धर दबोचा। जीआरपीव आरपीएफ के हाथ लगे आरोपी ने बताया कि इस वारदात में उसका एक और साथी शिवम सोनी निवासी निवासी दतिया भी शामिल था। दूसरे आरोपी को भी पुलिस ने दतिया से गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों से बीते दिनों

### पत्नी की हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास

**ग्वालियर।** घरेलू विवाद के बाद जब पत्नी सो गई तब पति ने दबा दिया था उसका गला साढ़े तीन साल पुराने एक महिला की हत्या के मामले में न्यायालय ने महिला की हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास की सजा और तीन हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोपी ने घरेलू विवादों के चलते गला दबाकर पत्नी की हत्या की थी। शासकीय अधिवक्ता परमाल सिंह के अनुसार 2 मई 2018 को ग्राम भगेह निवासी देवेंद्र पुत्र आदिराम जाटव किसी रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में गया था। उसकी पत्नी आरती अपने बच्चों के साथ घर में ही थी। रात करीब 1-30 बजे देवेंद्र शादी से वापस लौटा तो उसका आरती से घरेलू कारणों को लेकर विवाद हो गया। विवाद के चलते आरती सो गई तो देवेंद्र ने आरती को उठाकर जमीन पर पटककर मारपीट शुरु कर दी।

# दरवाजा खोला तो सामने खड़े थे सांसद, कमिश्नर, कलेक्टर, बोले-डेंगू का खात्मा करना है तो घर से करनी होगी शुरूआत



**ग्वालियर।** ग्वालियर में बुधवार को जब डोर बैल बजने पर लोगों ने दरवाजे खोले तो सामने सांसद, कमिश्नर, कलेक्टर या ष्टरूाह्र खड़े दिखाई दिए। नेता और अफसरों ने समझाया कि डेंगू जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव घर और घर के बाहर साफ-सफाई रखकर ही किया जा सकता है। डेंगू से बचाव के लिए नियमित सफाई व स्वच्छता को अपनाएं। डेंगू का खात्मा करने के लिए सभी शहरवासी जिला प्रशासन का सहयोग कर अपनी सहभागिता निभाएं। बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के आवहान पर डेंगू के संग जंग अभियान की शुरू आत की गई है। जिसमें उपनगर ग्वालियर स्थित तानसेन नगर के निवासियों को जागृत करने के लिए ग्वालियर सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, संभागायुक्त आशीष सक्सैना, कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, ष्टरूाह्र डॉ.मनीष शर्मा सहित जन प्रतिनिधियों लोगों से बात की। इससे पहले डेंगू को लेकर शहर में शुरु किए गए जनजागरुकता अभियान की शुरुआत सांसद शेजवलकर ने जन जागरुकता रथ को मोतीमहल स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर की है।

### हॉटस्पॉट बना है तानसेन नगर

शहर का तानसेन नगर लगातार डेंगू में हॉट स्पॉट बना हुआ है। इसलिए अफसरों ने अभियान की शुरूआत यहीं से की है। अफसरों ने घर-घर पहुंचकर यह सावधानियां बरतने के लिए कहा है। घरों में लगे कूलर वाटर टैंक , के साथ ही घर की छत पर रखे गमलों में पानी का जमाव नहीं होने दें। घरों के आसपास जमा हो रहे पानी का तत्काल निकास कराने के लिए नगर निगम के सफाई कर्मियों की मदद ले। घर के पास साफ पानी भी स्टोर करके न रखें।

# बड़ी विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों की मनमानी के खिलाफ कैट का "हल्ला बोल"




**ग्वालियर।** देशभर में ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा मनमानी कर स्थानीय बाजारों को समाप्त किये जाने की साजिश के खिलाफ कैट ने ''हल्ला बोल'' कार्यक्रम शुरू किया है। इसी संदर्भ में आज राजीव प्लाजा, ग्वालियर पर कैट ग्वालियर टीम ने ''हल्ला बोल'' कार्यक्रम आयोजित किया। उल्लेखनीय है कि विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियां कानूनों का उल्लंघन कर भारत में व्यापार कर रही हैं और सरकार की नाक के नीचे जीएसटी की चोरी कर रही हैं एवं भारतीय बाजारों को नष्ट करने का षड्यंत्र कर रही हैं। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने भारत सरकार से मांग की है कि इन विदेशी कंपनियों पर भारत सरकार के नियम लागू किये जाने चाहिए, नहीं तो देश में और विशेषकर मध्यप्रदेश ग्वालियर में मोबाइल, किराना एवं एफएमसीजी जैसी अनेक वस्तुओं की दुकानें बरबादी की कगार पर हैं, कई दुकानें बंद हो चुकी हैं। कैट मध्यप्रदेश के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने बताया कि ग्वालियर सहित भिण्ड, अशोक नगर, शिवपुरी एवं अन्य जिलों में यह ''हल्ला बोल'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्वालियर का धरना प्रदर्शन और ''हल्ला बोल'' कार्यक्रम कैट के जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता के नेतृत्व में राजीव प्लाजा पर आयोजित हुआ, जिसमें उपाध्यक्ष विवेक जैन, महामंत्री मुकेश जैन, संयुक्त सचिव मयूर गर्ग, प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोज चौरसिया, कोर टीम सदस्य राघवेन्द्र सिंह सहित अनेक मोबाइल व्यापारी सम्मिलित हुए।

# बीमारी के चलते वृद्ध ने फांसी लगाकर दी जान: पैरों में असहनीय दर्द था इसलिए चुना फांसी लगाकर मौत का रास्ता, पहले भी एक बार कर चुके थे प्रयास



**ग्वालियर।** ग्वालियर में पैरों में दर्द और न चल फिर पाने से परेशान 72 वर्षीय बुजुर्ग ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना बुधवार सुबह की है। घटना गिरवाई के गड्?ढा वाला मोहल्ला की है। बुजुर्ग इससे पहले भी अपने असहनीय दर्द के कारण खुदकुशी का प्रयास कर चुका है। उस समय परिवार ने उसे बचा लिया था। वह इलाज से आराम न मिलने से हताश हो चुका था। पुलिस ने शव को निगरानी में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। साथ ही मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। गिरवाई क्षेत्र के गड्?ढे वाला मोहल्ला निवासी 72 वर्षीय राजाराम पुत्र तीरथ राम पिछले दो साल से पैरों से चलने-फिरने में असमर्थ थे। काफी उपचार कराने के बाद भी उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ था। बुधवार को बेटा व अन्य परिजन काम पर निकल गए। घर पर राजाराम और छोटे बेटे की पत्नी रेखा ही अकेले थथे। जब बहू चाय देने के लिए ससुर के कमरे में पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी खटखटाने पर भी जब दरवाजा नहीं खुला तो उसने पति को कॉल किया। मामले का पता चलते ही पति घर पर पहुंचा और काफी देर दरवाजा पर दस्तक करने के बाद भी जब कोई हलचल सुनाई नहीं हुई तो उसने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर कमरे में पिता रस्सी के फंदे से लटके हुए थे। नब्ज टटोली तो पता चला कि उनकी मौत हो गई है। हादसे का पता चलते ही गिरवाई थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478